Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -339 शनिवार,15 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

दूसरों की भलाई के समान कोई धर्म नहीं है,और दूसरों को कष्ट पहुंचाने के समान कोई पाप नहीं है।


-तुलसीदास-

## ज्ञानवापी: शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज हुई

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2022।** वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग नहीं होगी. जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है.

इससे पहले वाराणसी की कोर्ट ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को दरकिनार कर श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी केस को सुनवाई के योग्य माना था. इसके बाद हिंदू पक्ष की 4 वादी महिलाओं ने याचिका दायर कर कार्बन डेटिंग कराने की मांग की है.

कार्बन डेटिंग से लकड़ी, चारकोल, पुरातात्विक खोज, हड्डी, चमड़े, बाल और खून के अवशेष की उम्र पता चल सकती है. कार्बन डेटिंग से लेकिन एक अनुमानित उम्र ही पता चलती है, सटीक उम्र का पता लगाना मुश्किल होता है. पत्थर और धातु की डेटिंग नहीं की जा सकती, लेकिन बर्तनों की डेटिंग हो सकती है. अगर पत्थर में किसी प्रकार का कार्बनिक पदार्थ मिलता है तो उससे एक अनुमानित उम्र का पता किया जा सकता है।





अगस्त 2021 में 5 महिलाओं ने श्रृंगार गौरी में पूजन और विग्रहों की सुरक्षा को लेकर याचिका डाली थी. इस पर सिविल जज सीनियर डिविजन रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर ज्ञानवापी का सर्वे कराने का आदेश दिया था. हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि सर्वे के दौरान शिवलिंग मिला. जबकि मुस्लिम पक्ष का दावा था कि ये एक फव्वारा है. इसके बाद हिंदू पक्ष ने विवादित स्थल को सील करने की मांग की थी. सेशन कोर्ट ने इसे सील करने का आदेश दिया था. इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था.

स्ट ने केस जिला जज को ट्रांसफर कर इस वाद की पोषणीयता पर नियमित सुनवाई कर फैसला सुनाने का निर्देश दिया था. जिला जज ने पूजा की मांग वाली याचिका को सुनवाई योग्य माना था. इसके बाद महिला याचिकाओं ने कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग वाली एक और याचिका दाखिल की. इस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

## शशि थरूर पार्टी नेताओं के रवैये से हुए नाराज,कहा-बड़े नेता कर रहे भेदभाव,कांग्रेस पर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने इशारों-इशारों में पार्टी के बड़े नेताओं पर भेदभाव का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश इकाइयों में मल्लिकार्जुन खड़गे का स्वागत होता है, बड़े नेता उनसे मिलते हैं, लेकिन मेरे साथ ऐसा व्यवहार नहीं होता.

थरूर ने कहा कि पार्टी नेता खड़गे की तरफ से लोगों को आमंत्रित करते हैं और उन्हें उपस्थित होने के लिए कहते हैं. यह सब एक उम्मीदवार (मल्लिकार्जुन खड़गे) के लिए हुआ, लेकिन मेरे लिए कभी नहीं. थरूर ने कहा- मैंने राज्य कांग्रेस कमेटी का दौरा किया, लेकिन वहां राज्य प्रमुख उपलब्ध नहीं थे. मैं शिकायत नहीं कर रहा हूं, लेकिन क्या आपको व्यवहार में अंतर नहीं दिखता है?

**चुनाव से जुड़े जरूरी कागजात भी न मिलने का लगाया आरोप**



थरूर ने चुनाव से जुड़े जरूरी कागजात देने में भी नेताओं पर भेदभाव का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि उन्हें सोमवार यानी 17 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में मतदान करने वाले कांग्रेस प्रतिनिधियों की एक अधूरी सूची मिली है. साथ ही उनसे संपर्क करने के लिए सूची में कोई फोन नंबर भी नहीं है. मुझे दो सूचियां मिलीं. पहली सूची में फोन नंबर नहीं थे, तो कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष की वोटिंग में भाग लेने वाले डेलिगेट्स से कैसे संपर्क कर सकता है? आपकों बता दें कि कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 30 सितंबर को को 3 नामांकन हुए. इसमें शशि थरूर, झारखंड के कांग्रेस लीडर केएन त्रिपाठी और तीसरा नॉमिनेशन मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया. इसके साथ ही तय हो गया है कि अगला अध्यक्ष गैर-गांधी ही होगा. थरूर और त्रिपाठी के प्रस्तावकों में इक्का-दुक्का लीडर्स थे, लेकिन गांधी फैमिली की चॉइस बताए जा रहे मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रस्तावकों की लिस्ट में 30 बड़े नेताओं के नाम थे. खड़गे के साथ नेताओं के हुजूम की तस्वीर यह साफ कर रही है कि नॉमिनेशन ही नतीजे हैं।




### हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को होगा मतदान,इस दिन आएँगे चुनाव के नतीजे

**हिमाचल प्रदेश , 14 अक्टूबर 2022।** हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथि की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर जानकारी दी है कि 12 नवंबर को मतदान होगा, वहीं 8 दिसंबर को मतदान के नतीजे आएँगे।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश में 12 नवंबर को चुनाव होगा. वहीं 8 दिसंबर को नतीजों का ऐलान होगा।

## प्रधानमंत्री 16 अक्टूबर को 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2022।** देश में वित्तीय समावेशन ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।2022-23 के केंद्रीय बजट भाषण के हिस्से के रूप में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश के 75 जिलों में 75 डीबीयू स्थापित करने की घोषणा की थी।



प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पूरे देश में डिजिटल बैंकिंग के लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीबीयू की स्थापना की जा रही है।इस प्रयास में 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 12 निजी क्षेत्र के बैंक और एक लघु वित्त बैंक भाग ले रहे हैं।डीबीयू ब्रिक एंड मोर्टार आउटलेट होंगे जो लोगों को विभिन्न प्रकार की डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेंगे जैसे कि बचत खाता खोलना, बैलेंस-चेक, प्रिंट पासबुक, फंड ट्रांसफर, फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश, ऋण आवेदन, चेक के लिए स्टॉप-पेमेंट निर्देश जारी किए गए, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के लिए आवेदन करें, खाते का विवरण देखें, करों का भुगतान करें, बिलों का भुगतान करें और नामांकन करें। बयान में कहा गया है कि वे ग्राहकों को पूरे साल बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं के किफायती, सुविधाजनक पहुंच और बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करने में सक्षम होंगे।

## चुनाव आयोग ने 1000 से अधिक नेताओं को किया अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2022।** चुनाव आयोग ने अयोग्य घोषित किए गए व्यक्तियों की सूची को अपडेट कर दिया है, जिनमें 1000 से अधिक लोग हैं, जो चुनाव आयोग को चुनाव व्यय रिपोर्ट जमा करने में विफल रहे हैं। कुल 1091 अयोग्य व्यक्तियों वाले सभी राज्यों में, बिहार 174 के साथ शीर्ष पर है जबकि 107 अयोग्य व्यक्ति तेलंगाना से हैं। इन व्यक्तियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10ए के तहत अयोग्य घोषित कर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि यदि कोई चुनाव खर्च का लेखा-जोखा चुनाव आयोग को देने में विफल रहता है, तो उम्मीदवार को आदेश की तिथि से तीन साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**चुनाव आयोग ने रिटर्निंग अधिकारियों को भेजी सूची**

अयोग्य घोषित उम्मीदवारों की सूची सभी रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उनके संदर्भ के लिए भेज दी गई है। आयोग ने कहा है कि आने वाले महीनों में जिनके चुनाव होने हैं, उन्हें सूची उपलब्ध कराई जाए। नियम के अनुसार, प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव की घोषणा की तारीख और परिणाम की तारीख के बीच चुनाव से संबंधित सभी खचरें का लेखा-जोखा रखना चाहिए। हर प्रत्याशी को 30 दिन के अंदर अपने चुनावी खर्च का ब्योरा देना होगा।



चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव समाप्त होने के बाद जिला कलेक्टरों के समक्ष अपना खर्च प्रस्तुत करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है। उन्हें व्यय निगरानी समिति के समक्ष अपने चुनाव खर्च को प्रस्तुत करना होगा। आयोग ने उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी के लिए कई कदम उठाए हैं और अतीत में व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं और उन्हें चुनाव व्यय निगरानी पर निर्देशों का संग्रह में अद्यतन (अपडेट) किया है। इसमें दिन-प्रतिदिन के लेखा रजिस्टर को निर्धारित तरीके से संधारित करने और चुनाव अवधि के दौरान चुनाव अधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले दिन-प्रतिदिन के चुनावी खर्च पर नजर रखने और नकदी, शराब, ड्रग्स आदि के वितरण द्वारा मतदाताओं के प्रभाव को रोकने के लिए चुनाव के दौरान विभिन्न निगरानी तंत्र स्थापित किए जाते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए चुनाव अवधि के दौरान सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाती है।



### भारत ने आईएनएस अरिहंत से पनडुब्बी से लॉन्च की गई बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की

**नई दिल्ली , 14 अक्टूबर 2022।** रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि आईएनएस अरिहंत ने शुक्रवार को पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल प्रक्षेपण किया। मिसाइल का एक पूर्व निर्धारित सीमा तक परीक्षण किया गया और बंगाल की खाड़ी में लक्ष्य क्षेत्र को बहुत उच्च सटीकता के साथ प्रभावित किया, यह कहते हुए कि हथियार प्रणाली के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को मान्य किया गया है। इसमें कहा गया है कि आईएनएस अरिहंत द्वारा एसएलबीएम का सफल उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च चालक दल की योग्यता साबित करने और एसएसबीएन कार्यक्रम को मान्य करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का एक प्रमुख तत्व है।

### लड़की का नहाते हुए वीडियो बनाने के आरोप में एक गिरफ्तार, गर्ल्स हॉस्टल में हड़कंप



व्यक्ति पाइप का इस्तेमाल कर इमारत पर चढ़ गया.

**पणजी , 14 अक्टूबर 2022।** गोवा पुलिस ने शुक्रवार को एक लड़की का कथित तौर पर वीडियो रिकॉर्ड करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जब वह लड़की गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में नहा रही थी। पणजी के पुलिस निरीक्षक निखिल पालेकर ने आईएएनएस को बताया कि आरोपी व्यक्ति की पहचान 25 वर्षीय सिप्सन गोम्स के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक सवाल के जवाब में पालेकर ने कहा कि आरोपी व्यक्ति पाइप का इस्तेमाल कर इमारत पर चढ़ गया और शिकायतकर्ता के नहाते समय वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर मॉस्को से आई फ्लाइट में बम ! मचा हड़कंप

**नई दिल्ली , 14 अक्टूबर 2022।** मॉस्को से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची फ्लाइट में बम की सूचना से हड़कंप मच गया है। इसके बाद से एजेंसिया अलर्ट पर हैं। मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा एजेंसिया सभी यात्रियों से पूछ-ताछ कर रही है।

मॉस्को से भारत पहुंचे पेसेंजरो को जांच के बाद ही बाहर जाने दिया जा रहा है। हालांकि इस बात की पुष्टि हालांकि अब तक ये स्पष्ट नहीं हुआ है फ्लाइट के अंदर बम की सूचना सही थी या फिर अफवाह।



सूत्रों के मुताबिक मॉस्को की फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट तड़के (शुक्रवार) 3.20 बजे लैंड हुई थी। जैसे ही फ्लाइट में बस की सूचना मिली सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को नीचे उतारा गया और फ्लाइट की जांच की गई। इस फ्लाइट में 386 यात्री और 16 क्रू मेंबर्स सवार थे।

**जांच एजेंसियां अलर्ट पर**

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो देर रात 11.15 बजे सूचना मिली कि मॉस्को से 3ः20 बजे दिल्ली पहुंच रही फ्लाइट नंबर ै 232 में बम है। बम की सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। तत्काल बम निरोधक दस्ता, रेस्क्यू टीमों को तैनात कर दिया गया।

### केजरीवाल के संरक्षण में आप नेता कर रहे हैं गटर की राजनीति : भाजपा

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2022।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने एक वीडियो जारी कर आम आदमी पार्टी के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष गोपाल इटालिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी वृद्ध मां के लिए प्रयोग किए गए अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गुप्ता ने कहा कि देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के लिए 'नीच' और अन्य अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जाना सिर्फ प्रधानमंत्री का ही नहीं बल्कि देश का अपमान है। आदेश गुप्ता ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी देश की सेवा कर रहे हैं।

## Zomato सर्विस नहीं चला रही सरकार ! इस बयान के चलते सोशल मीडिया में ट्रोल हो रहे डीएम

**लखनऊ, 14 अक्टूबर 2022।** उत्तर प्रदेश का अंबेडकरनगर जिला घाघरा नदी के उफान के चलते इन दिनों भीषण बाढ़ की चपेट में है। इस बीच लोगों को राहत पहुंचाने वाले जिम्मेदार जिलाधिकारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे लेकर वो अब ट्रोल हो रहे हैं।

इस वीडियो में डीएम सैमुअल पॉल को स्थानीय लोगों को इलाके में बाढ़ राहत शिविर स्थापित करने के बारे में बताते दिख रहे हैं। इस दौरान उन्होंने गैरजिम्मेदाराना बयान देते हुए कहा कि अगर आप घर पर रह रहे हैं तो क्या हमें आपको खाना भेजना चाहिए? सरकार जोमैटो सेवा नहीं चला रही है।



आगे उन्होंने कहा बाढ़ राहत शिविर में रहने की व्यवस्था है। हम आपको क्लोरीन की गोलियां देंगे। अगर आपको कोई समस्या हो रही है, तो डॉक्टर यहां आकर आपको देखेंगे। यही बाढ़ राहत शिविर का उद्देश्य है।

वहीं अब डीएम के जोमेटो वाले बयान पर सोशल मीडिया में जमकर आलोचना हो रही है। बता दें कि उन दिनों उत्तर प्रदेश के 21 जिलों के सैकड़ों गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गंगा, शारदा, घाघरा, राप्ती और कुआनो समेत अनेक नदियां उफान पर हैं और कई जिलों में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### कंटेनर और बीएमडब्ल्यू में टक्कर,मची चीख-पुकार

**सुल्तानपुर, 14 अक्टूबर 2022।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया. इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है. जानकारी के मुताबिक BMW और कंटेनर में भिड़ंत हुई है. हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत हुई है.



दरअसल, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पिछले दिनों सड़क धंसी गई थी. इसके बाद से एक ही तरफ से गाड़ियों का आवागमन हो रहा था. बताया जा रहा है।

## गुरमीत राम रहीम को फिर मिली 40 दिन की पैरोल

**चंडीगढ़, 14 अक्टूबर 2022।** हरियाणा रोहतक की सुनारिया जेल में बंद गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर पैरोल मिल गई है। अभी यह तय किया जा रहा है कि पैरोल की अवधि कहां बीतेगी। वैसे राम रहीम कभी भी जेल से बाहर आ सकता है। इसके लिए पुलिस ने जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। इस बार गुरमीत राम रहीम को जेल से एयरलिफ्ट करके ले जाया जाएगा। खुफिया रिपोर्ट के बाद सुरक्षा के मद्देनजर जेल प्रशासन ने यह फैसला लिया है। राजस्थान के किसी डेरे के अलावा बागपत में भी विचार किया जा रहा है, जहां पिछली पैरोल की अवधि व्यतीत की गई थी।

**2017 से सुनारिया जेल में बंद है राम रहीम**

राम रहीम 2017 से सुनारिया जेल में बंद है। बता दें कि विवादित बाबा गुरमीत सिंह राम रहीम को पहले भी कई बार जेल से पैरोल मिल चुकी है। गौरतलब है गुरमीत राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल मे साध्वी यौन शोषण मामले में 20 साल की सजा काट रहे हैं। गौरतलब है कि गृह विभाग की ओर से आदेशों को मंजूरी दी जा चुकी है। इससे पहले भी राम रहीम को फरलो और पैरोल मिल चुकी है। उनको इस बार भी जेल मैनुअल के अनुसार पैरोल दी गई है।



**परिवार के लोग लगाते हैं पैरोल के लिए अर्जी**

इससे पहले जेल मंत्री चौ.रणजीत सिंह ने भी राम रहीम के पैरोल पर बाहर आने के मामले को लेकर पुष्टि की थी।. जेल मंत्री ने कहा कि डेरा प्रमुख के स्वजनों ने उनकी पैरोल को लेकर अर्जी लगाई थी। सिरसा में जेल मंत्री ने कहा था कि? पैरोल को लेकर जेल का अपना सिस्टम होता है। जब कोई व्यक्ति जेल में होता है, तो उसके परिवार के लोग पैरोल के लिए अर्जी लगाते हैं, यह उनका अधिकार है।

**पैरोल को लेकर एक सप्ताह से लगाई जा रही थी अटकलें**

बता दें कि इस पैरोल को लेकर करीब एक हफ्ते से अटकलें लगाई जा रही थीं। ऐसे में इस बार भी नियमों के तहत अर्जी लगाए जाने के बाद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को 40 दिन की पैरोल मिल गई है। 2017 से साधवी यौन शोषण मामले में सजा काट रहे डेरा प्रमुख को पत्रकार छत्रपति और रणजीत हत्याकांड में भी सजा हो चुकी है। राम रहीम को इसी साल पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 7 फरवरी को 21 दिन की फरलो मिली थी। उसके कुछ समय बाद 27 जून को फिर राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मिली थी। अबकी बार 40 दिन की पैरोल मंजूर की गई है। केवल यह तय होना बाकी है कि राम रहीम की पैरोल अवधि कहां कटेगी।

## राज्य मंत्री का भतीजा गिरफ्तार, रेस्तरां के कर्मचारियों को कार से कुचलने के प्रयास का आरोप

**बरेली, 14 अक्टूबर 2022।** राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना के भतीजे को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिन्होंने आउटलेट बंद होने के बाद एक रेस्तरां के कर्मचारियों को खाना परोसने से मना करने पर उन्हें कुचलने की कोशिश की थी। घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, आरोपी अमित कुमार सक्सेना ने रेस्तरां बंद होने के कारण अपने सहयोगी की सेवा करने में विफल रहने के लिए कर्मचारियों को गाली दी थी।



रेस्तरां के कर्मचारियों के एक समूह को अपनी कार से टक्कर मारने की कोशिश की। घटना के वक्त मजदूर रेस्टोरेंट के बाहर खड़े थे।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) शहर बरेली राहुल भाटी ने कहा कि कर्मचारियों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा और कार वहां पड़ी एक खाट से टकरा गई।

होटल मालिक नरेश कश्यप के बेटे सुशांत कश्यप की शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## संपादकीय

# ब्रिटेन से बिगड़ती बात

हाल तक तो ब्रिटेन जाने वाले भारतीय नागरिकों को लेकर ब्रिटिश सरकार की चिंता कभी सुनने में नहीं आई। इसी बीच पहले कनाडा और फिर अमेरिका ने भारत आने वाले अपने नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा संबंधी परामर्श जारी कर मामला संगीन बना दिया है।

भारत और ब्रिटेन के संबंध अचानक बिगड़ते नजर आने लगे हैं। अभी कुछ महीने पहले तक दोनों देश नई बनती वैश्विक परिस्थितियों के बीच एक दूसरे को अपने लिए अवसर के रूप में देख रहे थे। लेकिन पिछले तीन दिन में कई ऐसी बातें सामने आई हैं, उनसे साफ है कि बीच में कहीं एक बड़ी अड़चन आ गई है। पहले खबर आई कि ब्रिटेन की नई गृह मंत्री ने भारत से ब्रिटेन जाने वाले लोगों में वीजा खत्म होने के बाद भी वहां रुकने की बढ़ी प्रवृत्ति की चर्चा की। उन्होंने इसे भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत से जोड़ा। कहा कि वीजा उल्लंघन की घटनाओं से इस वार्ता में दिक्कत आएगी, क्योंकि भारत ने अपने नागरिकों के लिए वीजा कोटा बढ़ाने की मांग इस वार्ता में रखी है। उसके एक दिन बाद ही ब्रिटेन ने कह दिया कि उसे मुक्त व्यापार समझौते की गुणवत्ता की चिंता है, ना कि इस बात की कि इसे कितनी तेजी से संपन्न किया जाए।

इस तरह पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का ये एलान अब बेमतलब हो गया है कि दिवाली तक यह समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही अब यह खबर आई है कि भारत ने छुट्टी मनाने यहां आने वाले ब्रिटिश नागरिकों को वीजा देने की प्रक्रिया सख्त बना दी है। इससे हजारों सैलानियों का कार्यक्रम ठहर गया है। तो विचारणणीय है कि अड़चन कहां पड़ी? क्या लीस्टर की घटनाओं का परिणाम है, जहां हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं और उनके बीच भारत सरकार ने हिंदुओं का पक्ष लिया था? आखिर अभी हाल तक तो ब्रिटेन जाने वाले भारतीय नागरिकों को लेकर ब्रिटिश सरकार की चिंता कभी सुनने में नहीं आई। इसी बीच पहले कनाडा और फिर अमेरिका ने भारत आने वाले अपने नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा संबंधी परामर्श जारी कर इस पूरे प्रकरण को संगीन बना दिया है। अमेरिका ने तो अपने नागरिकों को भारत में बढ़ते 'अपराध और आतंकवाद' को लेकर आगाह किया है। तो यह गहरे आत्म-निरीक्षण का विषय है कि आखिर भारत की छवि दुनिया में क्यों नकारात्मक हो रही है?

# डॉ.अब्दुल कलाम की सादगी और उनके आदर्श



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

देश के महान् वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद् डा. एपीजे अब्दुल कलाम (अवुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम) सच्चे अर्थों में ऐसे महानायक थे, जिन्होंने अपना बचपन अभावों में बीतने के बाद भी अपना पूरा जीवन देश और मानवता की सेवा में व्यतीत कर दिया। छात्रों और युवा पीढ़ी को दिए गए उनके प्रेरक संदेश तथा उनके स्वयं के जीवन की कहानी देश की आने वाले कई पीढ़ियों को भी सदैव प्रेरित करने का कार्य करती रहेगी। न केवल भारत के लोग बल्कि पूरी दुनिया मिसाइल मैन डा. कलाम की सादगी, धर्मनिरपेक्षता, आदर्शों, शांत व्यक्तित्व और छात्रों व युवाओं के प्रति उनके लगाव की कायल थी। डा. कलाम देश को वर्ष 2020 तक आर्थिक शक्ति बनते देखना चाहते थे। पढ़ाई-लिखाई को तरक्की का साधन बताने वाले डा. कलाम का मानना था कि केवल शिक्षा के द्वारा ही हम अपने जीवन से निर्धनता, निरक्षरता और कुपोषण जैसी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उनके ऐसे ही महान विचारों ने देश-विदेश के करोड़ों लोगों को प्रेरित करने और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। उनका ज्ञान और व्यक्तित्व इतना विराट था कि उन्हें दुनियाभर के 40 विश्वविद्यालयों ने डॉक्ट्रेट की मानद उपाधि प्रदान की।

तमिलनाडु के एक छोटे से गांव में एक मध्यमवर्गीय परिवार में 15 अक्तूबर 1931 को जन्मे डा. कलाम छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए अक्सर कहा करते थे कि छात्रों के जीवन का एक तय उद्देश्य होना चाहिए और इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि वे हरसंभव स्रोतों से ज्ञान प्राप्त करें। छात्रों की तरक्की के लिए उनके द्वारा जीवन पर्यन्त किए गए महान् कार्यों को देखते हुए ही सन् 2010 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा उनका 79वां जन्म दिवस 'विश्व विद्यार्थी दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से डा. कलाम के जन्मदिवस 15 अक्तूबर को ही प्रतिवर्ष 'विश्व विद्यार्थी दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।

समय-समय पर युवाओं को दिए गए उनके प्रेरक संदेशों की बात करें तो वे कहा करते थे कि अगर आप सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो। वे कहते थे कि अगर आप फेल होते हैं तो निराश मत होइए क्योंकि फेल होने का अर्थ है 'फर्स्ट अटैंप्ट इन लर्निंग' और अगर आपमें सफल होने का मजबूत संकलप है तो असफलता आप पर हावी नहीं हो सकती। इसलिए सफलता और परिश्रम का मार्ग अपनाओ, जो सफलता का एकमात्र रास्ता है। डा. कलाम कहते थे कि आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते लेकिन अपनी आदतें बदल सकते हैं और निश्चित रूप से आपकी आदतें आपका भविष्य बदल देंगी। वे हमेशा कहा करते थे कि महान सपने देखने वाले महान लोगों के सपने हमेशा पूरे होते हैं। उनका कहना था कि इंसान को कठिनाइयों की आवश्यकता होती है क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए कठिनाईयां बहुत जरूरी हैं। सपने देखना जरूरी है लेकिन केवल सपने देखकर ही उसे हासिल नहीं किया जा सकता बल्कि सबसे जरूरी है कि जिंदगी में स्वयं के लिए कोई लक्ष्य तय करें। कलाम साहब कहते थे कि इस देश के सबसे तेज दिमाग स्कूलों की आखिरी बेंचों पर मिलते हैं। हम सबके पास एक जैसी प्रतिभा नहीं है लेकिन अपनी प्रतिभाओं को विकसित करने के अवसर सभी के पास समान हैं। सादगी की प्रतिमूर्ति डा. कलाम का व्यक्तित्व कितना विराट था, इसे परिभाषित करते कई किस्से भी सुनने को मिलते हैं।




डा. कलाम राष्ट्रपति जैसे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन रहते हुए भी आम लोगों से मिलते रहे। एक बार कुछ युवाओं ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की और इसके लिए उन्होंने उनके कार्यालय को चिट्ठी लिखी। चिट्ठी मिलने के बाद डा. कलाम ने उन युवाओं को अपने पर्सनल चैंबर में आमंत्रित किया और वहां न केवल उनसे मुलाकात ही की बल्कि उनके विचार, उनके आइडिया सुनते हुए काफी समय उनके साथ गुजारा।

जिस समय डा. कलाम भारत के राष्ट्रपति थे, तब वे एक बार आईआईटी के एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे। उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए आयोजकों द्वारा उनके लिए मंच के बीच में बड़ी कुर्सी लगवाई गई। डा. कलाम जब वहां पहुंचे और उन्होंने केवल अपने लिए ही इस प्रकार की विशेष कुर्सी की व्यवस्था देखी तो उन्होंने उस कुर्सी पर बैठने से इन्कार कर दिया, जिसके बाद आयोजकों ने उनके लिए मंच पर लगी दूसरी कुर्सियों जैसी ही कुर्सी की व्यवस्था कराई। उनके मन में दूसरे जीवों के प्रति भी किस कदर करूणा और दयाभाव विद्यमान था, इसका अंदाजा इस घटनाक्रम से सहज ही लग जाता है। जब 1982 में वे डीआरडीओ के चेयरमैन बने तो उनकी सुरक्षा के लिए डीआरडीओ की सेफ्टी वाल्स पर कांच के टुकड़े लगाने का प्रस्ताव लाया गया लेकिन कलाम साहब ने यह कहते हुए उसके लिए साफ इनकार कर दिया था कि दीवारों पर कांच के टुकड़े लगाने से पक्षी नहीं बैठ पाएंगे और ऐसा करने की प्रक्रिया में पक्षी घायल भी हो सकते हैं। इस कारण उस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

राष्ट्रपति जैसे बड़े पद पर पहुंचने के बाद भी कलाम अपने बचपन के दोस्तों को नहीं भूलते थे। 2002 में राष्ट्रपति बनने के बाद जब एक बार वे तिरुअनंतपुरम के राजभवन में मेहमान थे, तब उन्होंने अपने स्टाफ को वहां के एक मोची और ढ़ाबे वाले को खाने पर बुलाने का निर्देश दिया। सभी उनके इस निर्देश को सुनकर हैरान था। बाद में पता चला कि ये दोनों कलाम साहब के बचपन के दोस्त थे। दरअसल कलाम साहब ने अपने जीवन का बहुत लंबा समय केरल में ही बिताया था और उसी दौरान उनके घर के पास रहने वाले उस मोची तथा ढ़ाबे वाले से उनकी दोस्ती हो गई थी। राष्ट्रपति बनने के बाद जब वे तिरुअनंतपुरम पहुंचे, तब भी वे अपने इन दोस्तों को नहीं भूले और उन्हें राजभवन बुलाकर उन्हीं के साथ खाना खाकर उन्हें इतना मान-सम्मान दिया।

डा. कलाम के जीवन के अंतिम पलों के बारे में उनके विशेष कार्याधिकारी रहे सृजन पाल सिंह ने लिखा है कि शिलांग में जब वह डा. कलाम के सूट में माइक लगा रहे थे तो उन्होंने पूछा था, 'फनी गाय हाउ आर यू', जिस पर सृजन पाल ने जवाब दिया 'सर ऑल इज वेल'। उसके बाद डा. कलाम छात्रों की ओर मुड़े और बोले 'आज हम कुछ नया सीखेंगे' और इतना कहते ही वे पीछे की ओर गिर पड़े। पूरे सभागार में सन्नाटा पसर गया और इस प्रकार इस महान् विभूति ने दुनिया से सदा के लिए विदा ले ली।

# क्यूँ न बच्चों को संस्कृति से परिचय करवाया जाए



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

आजकल की पीढ़ी भौतिकवाद और आधुनिकता को अपनाते हुए अपने मूलतः संस्कार, संस्कृति और परंपरा की अवहेलना कर रही है। नई पीढ़ी को परंपराएं चोंचले लगती है।

बड़े बुजुर्गों का आशिर्वाद लेना, त्योहार मनाना, या पारंपरिक तरीके से कोई रस्म निभाना आजकल के बच्चों को फालतू बातें लगती है। त्योहारों की छुट्टियों में घर पर रहकर परिवार के साथ पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाने की बजाय हील स्टेशन या समुन्दर किनारे घूमने का प्लान बना लेते है। ये विचारधारा सामाजिक पतन की ओर इंगित करती है।

विभक्त परिवारों के चलते न अब दादा-दादी का लाड़ प्यार बच्चों को मिलता है, न पहले की तरह बच्चों को गायत्री मंत्र, त्रिकाल संध्या या कोई श्लोक सिखाए जाते है। आजकल एक साल का बच्चा भी मोबाइल का व्यसनी होता है, कार्टून दिखाओ तो ही खाना खाता है। ऐसे में भारतीय संस्कृति और परंपरा की पहचान बच्चों को कहाँ से मिलेगी। हमारी संस्कृति और परंपरा एकता और अखंडता की मिसाल है। अगर बच्चों को संस्कृति से मुलाकात नहीं करवाएँगे तो आगे जाकर हमारा देश भी पाश्चात्य विचारों की धुरी पर चल निकलेगा।



विश्व में कई संस्कृतियों का उद्भव हुआ और समय के साथ विलीन भी हो गयी लेकिन भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन और श्रेष्ठ संस्कृति है। जिसकी धरोहर लौकिकता, भौतिकता और भोगवाद के बजाय आध्यात्मवाद और आत्मखोज की नींव पर खड़ी है। जिसका मूल लक्ष्य संस्कार, शान्ति, सहिष्णुता, एकता, सत्य, अहिंसा और सदाचरण जैसे मानवीय मूल्यों की स्थापना करके समस्त विश्व की आध्यात्मिक उन्नति करना है। इसमें सब के सुख के लिये, सबके हित में कार्य करने के उद्देश्य के साथ समस्त विश्व को अपना परिवार मानने की भावना होती है। और इसी भावना को बरकरार रखने के लिए आज हर अभिभावकों को अलख जगानी है। पहले के ज़माने में बच्चों को गुरुकुल में पढ़ने भेजते थे, जहाँ वैदिक और विज्ञान दोनों सिखाए जाते थे।

अपने सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों के बल पर भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों बाद भी अपने मूल रूवरूप में विद्यमान रहकर समग्र विश्व को आकर्षित कर रही है। हमारी संस्कृति आदर्श जीवन जीने और विश्व मानव को एक सूत्र में बाँधने की डोर है। सही मायनों में भारतीय संस्कृति मनुष्य जीवन को सार्थक करने का मूलमंत्र है। भारतीय संस्कृति की मान्यतायें और परम्परायें किसी न किसी वैज्ञानिक आधार पर प्रतिस्थापित है, जो आज के डिजिटल युग में भी पूर्णरूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर तर्कसंगत है। हमारी संस्कृति में अनगिनत विशेषतायें भी है। बस भौतिकवाद के मलबे के नीचे दब कर रह गई है, जिसे खोदकर उजागर करने की जरूरत है।

भारतीय संस्कृति का महत्व यह है कि यह मानव मुक्ति और कल्याण की दिशा में एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। किसी अन्य संस्कृति ने मनुष्य को इतनी गहराई और समझ से नहीं देखा जितना हमारी संस्कृति ने देखा है। आजकल तो पाश्चात्य लोग भी हमारी संस्कृति और श्लोकों से प्रभावित होकर अपना रहे है। हरे राम हरे कृष्ण मिशन में ज़्यादातर विदेशी लोग ही दिखते है। हरिद्वार के कई आश्रमों में मन की शांति के लिए विदेशी लोग योग और श्लोकों से प्रभावित होकर महीनों रहते है और आत्म कल्याण का मार्ग अपनाते है। तो क्यूँ न व्यक्तित्व विकास के लिए, अपनी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करते बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचय करवाया जाए।

## इतराता है चाँद



प्रो.(डॉ)शरद नारायण खरे
मंडला, मध्यप्रदेश

इतराता है चाँद तो,पा तुझ जैसा रूप।
सच,तेरा मुखड़ा लगे,
हर पल मुझे अनूप।।
चाँद बहुत ही है मधुर,
इतराता भी ख़ूब।
जो भी देखे,रूप में,वह जाता है डूब।।
कभी चाँद है पूर्णिमा,
कभी चाँद है ईद।
कभी चौथ करवा बने,
करते हैं सब दीद।।
जिसकी चाहत वह सदा,
इतराता है नित्य।
आसमान,तारे सुखद,
चाँद और आदित्य।।
इतराने में है अदा,इतराने में प्यार।
इतराना चंचल लगे,
अंतस का अभिसार।।
इतराकर के चाँद तो,देता यह पैग़ाम।
जो तेरे उर में बसा,
प्रीति उसी के नाम।।
इतराकर के चाँद तो,
ले बदली को ओट।
पर सच उसके प्यार में,
किंचित भी नहिं खोट।।
कितना प्यार चाँद है,
कितना प्यारा प्यार।
नेह नित्य होकर फलित,
करे सरस संसार।।
छत से देखो तो करे,
चाँद आपसे बात।
कितना प्यारा दोस्त की,
मिली हमें सौगात।।
अमिय भरा है चाँद में,
किरणों का अम्बार।
चाँद रखे युग से यहाँ,
अपनेपन का सार।।

# भारत में भुखमरी और खाने की बर्बादी

भारत समेत कई विकसित और विकासशील देशों में खाने की बर्बादी बड़ी समस्या है। इस मामले में चीन के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है, जहां खाने की सबसे ज्यादा बर्बादी होती है। यह उस सदी में हो रहा है जहां दुनिया में लगभग 83 करोड़ लोग रोज भूखे सोते हैं। खाने की कमी और बर्बादी के में बारे में जागरूक करने के लिए हर साल ऑफ अवेयरनेस ऑफ फूड लॉस एण्ड वेस्ट दिवस के मौके पर जानकारों का कहना है कि समाज को जागरूक कर बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। आधे भोजन की बर्बादी भी हम रोकने में सफल रहे तो खाद्यान्न समस्या सहित कई चुनौतियों से निजात मिल सकती है।

कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टिट्यूट के अध्ययन



अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को खाने-पीने की चीजों की बर्बादी रोकने के लिए जागरूक किया जाता है। भोजन के नुकसान और बर्बादी को रोकने में मदद करने के लिए, हमें इसके प्रभाव के बारे में अधिक जागरूक और जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना काल से पहले 93 करोड़ टन से ज्यादा खाना यानी 17 प्रतिशत खाना खराब हो गया था। इनमें 63 प्रतिशत खाना आम घरों से, 23 प्रतिशत खाना रेस्टोरेंट में और 13 प्रतिशत खाना रिटेल चेन में खराब हो गया था। यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस लिस्ट में पहला स्थान चीन का है, जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है. वहीं, भारत में एक साल में 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दुनिया के 10 प्रतिशत लोग यानि करीब 83 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, जिन्हें खाना नसीब नहीं होता। दुनिया भर में हर साल लगभग 250 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। नेशनल हेल्थ सर्वे के मुताबिक, भारत में हर रोज 19 करोड़ लोग भूखा सोते हैं। भारत में खाद्य उत्पाद का 40 फीसदी हिस्सा बर्बाद होता है। भारत में सालाना 92000 करोड़ रुपये का खाना बर्बाद होता है। 116 देशों में हंगर इंडेक्स सर्वे 2021 में भारत का स्थान 101वां हैं।

एक तरफ अफ्रीका के कई देशों में लोग दाने-दाने के लिए तरस रहे हैं, वहीं बहुत-से देशों में लाखों टन खाद्य पदार्थ खराब हो जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार कुल उपज का 30 प्रतिशत गेहूं, चावल, मक्का आदि बर्बाद हो जाते हैं। करीब 45 प्रतिशत सब्जियां कचरे में फेंकी जाती हैं। भण्डारण सुविधाओं की कमी और सजगता के अभाव में भारत में भी हर साल 96,000 करोड़ रुपये के खाद्य पदार्थ कचरे में जाते हैं। इण्टरनेशनल डे के मुताबिक दुनिया में 81.1 करोड़ लोग कुपोषित हैं। 5 साल से कम उम्र के 45त्न बच्चों की मौत कुपोषण से होती है। हर साल लाखों टन भोजन बर्बाद होता है, आधा भी जरूरतमंदों को दिया जाये तो भुखमरी खत्म हो सकती है। अच्छी बात यह कि इसे लेकर 72त्न लोग सजग हैं।

भोजन बचाने की मुहिम में कई एनजीओ जुटे हैं। वैवाहिक समारोहों मैं बचा खाना ये गरीब ज़रूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। रॉबिन हुड इण्डिया के वॉलंटियर देश के 41 शहरों में हैं। फीडिंग इंडिया डोनेट फूड 100 शहरों में काम कर रहा है। चेन्नई में रैप इट, केरल में शांतिमंदिरम और आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल में नो फूड्स वेस्ट काम कर रहा है। शेल्टर डॉन बास्को, मेरा परिवार, समर्पण फाउंडेशन, अन्नक्षेत्र जैसे कई संगठन सराहनीय काम कर रहे हैं। कचरे में फेंके जाने वाले भोजन से पर्यावरण को नुकसान होता है। इससे हमारी जैव विविधता प्रभावित होती है। जमीन में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा बढ़ती है। एफएओ के अनुसार बर्बाद खाद्य पदार्थों पर 250 अरब लीटर पानी खर्च होता है। परिवहन से लेकर रसोई में पकाने तक 38 प्रतिशत ऊर्जा खर्च होती है। उचित प्रबंधन के जरिए हम पानी और ऊर्जा बचा सकते हैं। भोजन की बर्बादी रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल बनाया है। इसमें संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण प्रोग्राम (यूएनईपी) शामिल हैं। यूएनईपी की रिपोर्ट 2021 के मुताबिक भारत में हर व्यक्ति के पीछे प्रतिदिन 137 ग्राम और साल में औसतन 50 किलो भोजन खराब होता है। इस आधार पर देश में सालाना 6 करोड़ 87 लाख 60 हजार 163 टन भोजन कचरे में जाता है।

**-अजय दीक्षित-**

# भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत



सलिल सरोज
नई दिल्ली

संगीत, नृत्य और नाटक की भारतीय परंपरा हमारी सभ्यता के मूल में है। किसी भी सभ्यता का सार और गुणवत्ता उसके लोगों के सांस्कृतिक और कलात्मक हितों से आंकी जाती है। भारतीय सभ्यता अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और ललित कलाओं में समृद्ध परंपरा के साथ सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त है। हमें, इस परंपरा के उत्तराधिकारी के रूप में, न केवल इस पर गर्व करना चाहिए, बल्कि इसे संरक्षित करने और इसे युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

हमारे देश में एक समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत है, जो हमारी सभ्यता की आंतरिक शक्ति और लचीलापन का संकेत है। भारत में शायद ही कोई क्षेत्र या घाटी या पहाड़ या समुद्र-तट या मैदान हो जो हमारे विशिष्ट लोक नृत्यों और संगीत की ध्वनि से नहीं सन्निहित हो। इन नृत्यों के विषय सरल हैं और हमारे आम लोगों के जीवन में निहित हैं।

दूसरी ओर, हमारे शास्त्रीय नृत्यों का धर्म और आस्था से बहुत गहरा संबंध था। वे कई शताब्दियों के दौरान विकसित हुए हैं और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को निरंतरता दी है जिसने लगातार नई परिस्थितियों के अनुकूल होने और नए प्रभावों को आत्मसात करने में जीवंतता दिखाई है। हालांकि, हमने हमेशा अपने शास्त्रीय कला रूपों को लोगों के करीब लाने की आवश्यकता महसूस की है ताकि वे हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत की बेहतर समझ प्राप्त कर सकें।

कहा जाता है कि संगीत आत्मा का पोषण है। यह मनुष्य पर सबसे सभ्य प्रभावों में से एक है। यह मनुष्य में दिव्यता को सामने लाता है और वास्तव में ईश्वर का मार्ग है। संगीत का भी एक एकीकृत प्रभाव होता है क्योंकि यह कोई सीमा नहीं जानता।

मनुष्य की हर भावना संगीत में अभिव्यक्ति पाती है - चाहे वह आनंद हो, दुःख हो या वीरता। हालाँकि, संगीत का एक व्यावहारिक पक्ष भी है। और इस संदर्भ में हमारे दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने एक बार क्या कहा थाः

÷संगीत का असली उद्देश्य न केवल इंद्रियों को सुख देना, या मन को निर्देश देना है, बल्कि अपने पूरे अस्तित्व को परिवर्तित करना और इसे इस दुनिया के आकर्षण और मोह से ऊपर दुख से ऊपर उठाना है। संगीत की दुनिया में, आप सुंदरता के मंदिर निर्माण करते हैं और जब आप उसकी पूजा करते हैं, तो आप व्यावहारिक कार्य करने के लिए बेहतर प्रेरित होकर वापस आ जाते हैं। यही संगीत का असली उद्देश्य है।÷

भारतीय संगीत काफी समृद्ध और विविध है और इसका विकास और विकास का अटूट इतिहास रहा है। हमारा संगीत विभिन्न आंतरिक और बाहरी प्रभावों के अधीन रहा है और इसके परिणामस्वरूप, युगों में कई बदलाव हुए हैं। प्राचीन भारत में, संगीत जीवन के भक्ति और कर्मकांड के साथ अटूट रूप से जुड़ा हुआ था और इसलिए, मंदिर के साथ घनिष्ठ संबंध था। इसकी भक्ति और भावनात्मक अपील के कारण ही आम लोग संगीत को महत्व देते थे। हमारे संतों और संतों के संगीत ने हमें समाज में संतुलन और व्यक्ति में धार्मिकता को बनाए रखने में भी मदद की है। संगीत भी भक्ति का सबसे बड़ा वाहन रहा है और ऋषि-मुनि संगीत के माध्यम से देवत्व तक पहुंचे हैं।

ललित कलाओं को बढ़ावा देने वाला समाज आधार या अश्लील नहीं हो सकता। ललित कलाओं को बढ़ावा देकर ही हम वास्तविक जीवन को समृद्ध बना सकते हैं; कला के सच्चे प्रतिपादक के साथ कुछ भी संकीर्ण या स्वार्थी नहीं हो सकता। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ललित कलाओं की प्रशंसा और आनंद से अलग होने पर जीवन बेदाग और सभी सुंदरता, आकर्षण और अनुग्रह से रहित हो जाएगा। कला को केवल मनोरंजन नहीं करना चाहिए, बल्कि लोगों को सूचित करना, शिक्षित करना और प्रेरित करना चाहिए। कलाकारों का यह कर्तव्य है कि वे लोगों को एक साथ लाएं और उनके जीवन को उच्च सामाजिक उद्देश्यों से भरें।

भारतीय कला और संस्कृति न केवल अपनी समृद्धि और विविधता के कारण, बल्कि अन्य संस्कृतियों के साथ इसके संपर्क के कारण भी फली-फूली और फली-फूली है। विभिन्न संस्कृतियों के बीच, स्थानीय और सार्वभौमिक के बीच और अतीत और वर्तमान के बीच एक संश्लेषण रहा है। जब हम अपने अस्तित्व और अपने आस-पास के जीवन की संपूर्णता को पहचानते हैं, तभी हम एक सही तस्वीर तक पहुंच पाते हैं। हम मनुष्य या जीवन को विभिन्न खंडों में वर्गीकृत नहीं कर सकते और न ही करना चाहिए, चाहे वह आर्थिक या सांस्कृतिक, भौतिक या आध्यात्मिक, कार्यात्मक या सौंदर्य, बौद्धिक या भावनात्मक हो। भारत वह है जो आज है, क्योंकि यहां ललित कलाओं को हमारे लोगों के जीवन के एक हिस्से के रूप में जीवित रखा गया है। हमें अपने अतीत की विरासत का उपयोग इस तरह करना होगा कि भारत के लिए एक महान भविष्य बनाने में मदद मिल सके।

## कार्य देखकर हत्यारों के



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

सोच हुई है मन की कैसी, अब हमको है यही मलाल।।
कार्य देखकर हत्यारों के,शोणित में है उठे उबाल।।
नारी का क्यों करते शोषण,घोर करे क्यों अत्याचार।
आप बने वो आज निशाचर, थामे उर पर जैसे भार।।
शुचिता पैदा कर लो मन में, जैसे कोई दीप मशाल।
कार्य देखकर हत्यारों के,शोणित में है उठे उबाल।।
नारी को मत अबला समझो ,देवी का ही वह है रूप।
उसके ही दम से निकले है, इस जीवन में उजली धूप।।
शोभा है वह घर- उपवन की, करती रहती सदा कमाल।
कार्य देखकर हत्यारों के,शोणित में है उठे उबाल।।
पौरुष संयम सिखलाता है,दोष अनल से रहता दूर।
मन में रखकर शील सदा ही, फैलाओ जीवन में नूर।।
मौन पढ़ो तुम उस नारी का, समझो उसके मन का हाल।
कार्य देखकर हत्यारों के,शोणित में है उठे उबाल।।

# छह जिद्दी नेता और 182 सीटे!

यों जुमला सात जिद्दी हिंदुस्तानियों का बनता है। उद्धव ठाकरे, नीतिश कुमार, केसीआर चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल. हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी और राहुल गांधी। ये सात हिंदुस्तानी चेहरे अब नरेंद्र मोदी की दिन-रात की चिंता है। हां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल-दिमाग में अब चुनाव के अलावा कुछ नहीं है। कैसे भी हो उन्हे 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है। उन्हे दशहरे के दिन मुंबई में उद्धव ठाकरे और हैदराबाद में चंद्रशेखर राव के हुंकारे समझ आए होंगे। मुझे उम्मीद नहीं थी लेकिन मुंबई के शिवाजी पार्क में जैसी भीड जमा हुई और जिस धारा प्रवाह अंदाज में उद्धव ठाकरे ने भाषण किया और एनसीपी-कांग्रेस के साथ अपनी हिंदू राजनीति के खुलासे की हिम्मत दिखाई वह गजब था। सोचे इसके मायने? नोट रखे महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटों पर सन् 2024 में उद्धव ठाकरे और उनका एलायंस दमदारी से चुनाव लड़ेगा।

एक महिने पहले ऐसे ही बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर नीतिश-लालू यादव और कांग्रेस का साझा बिगुल बजा। बगल के झारखंड में हेमंत सोरेन और कांग्रेस के विधायक अभी तक भाजपा की खरीद मंडी में बिकने को तैयार होते नहीं लगते है। तो उससे सटे हुए पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर घायल मगर मौन ममता बनर्जी चुपचाप वक्त और मौके का इंतजार कर रही है। इन सबसे ज्यादा जिंद्दी, खूंखार और संसाधनों में भरपूर जिद्दी नेता तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव है। इन पांच नेताओं के बाद फिर दिल्ली और पंजाब की 21 लोकसभा सीटों के जिद्दी नेता अरविंद केजरीवाल का नंबर आता है। और नोट करें कि इन छह नेताओं के वजूद और सियासी एलायंस की लोकसभा सीटों की संख्या है कोई 182 !

अनुमान लगाएं कि एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडनवीज की बेमेल सरकार की अगले दो सालों में क्या चमक बचेगी? लोकसभा चुनाव आएगा तब यह दलबदलू सरकार मोदी-शाह के लिए लायबिलिटी होगी या मुनाफे वाली! दशहरे के दिन जिसने भी एकनाथ शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे के भाषण और शो को देखा और सुना है उससे यह सभी के जहन में सवाल बना होगा कि मोदी-शाह को वहा और कोई सीएम बनाने लायक नहीं मिला!

उद्धव ठाकरे ने सियासी समझदारी का भाषण दिया। इसका प्रभाव मराठा, दलित, मुस्लिम, सेकुलर और सभी तरह के भाजपा व मोदी विरोधियों पर चुनाव तक रहेगा। मोदी सरकार चाहे जितने नेताओं को ईडी, सीबीआई से जेल में डलवाएं, उन्हे डराएं, उन्हे खरीदे मगर उद्धव ठाकरे-शरद पवार- कांग्रेस का त्रिभुज अब महाराष्ट्र में भाजपा की 2019 जैसी एकतरफा जीत नहीं होने देगा।

यही पते की बात है। नरेंद्र मोदी सन् 2014 व 2019 जैसी आंधी यदि छह जिद्दी नेताओं के प्रदेशों में पैदा नहीं कर पाएं तो अपने आप उनकी गणित बिगडनी है। उद्धव ठाकरे की सेहत पर कोई असर नहीं होगा कि मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में उनकी पार्टी जीतती है या नहीं? उनकी पार्टी चुनाव चिन्ह जप्त हो जाए तब भी फर्क नहीं पडना है। उलटे मराठा मानुष में गांठ गहरी बनेगी। इसलिए क्योंकि बाल ठाकरे के वे ही असली सियासी उत्तराधिकारी है, इसका ठप्पा शिवाजी पार्क में दशहरे के दिन लग गया है। इसके साथ ही प्रदेश की 48 लोकसभा सीटो पर मोदी-भाजपा विरोधी वोटों की पूरी गोलबंदी भी बन गई!

ऐसी ही तेलंगाना, बिहार, झारखंड में गोलबंदी बनी है तो पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में ममता बनर्जी और उनका वोट समीकरण एक-एक सीट पर भाजपा को घेरेगा। पंजाब में मोदी-शाह बादल, अमरेंद्रसिंह आदि के साथ चाहे जो करें, मगर अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव तक चक्रव्यूह में फंस कर दम नहीं तोड़ने वाले है। सही है कि दिल्ली की सात सीटों में जब लोकसभा चुनाव होंगे तो नरेंद्र मोदी के भक्त उमडे हुए होंगे। बावजूद इस सबके केजरीवाल अपने प्रभाव की 21 सीटों में भाजपा को कितनी सीटों पर जीतने देंगे? इसलिए ठाकरे, चंद्रशेखर राव, नीतिश कुमार, हेमंत, केजरीवाल और ममता बनर्जी की मेहनत और धुन से आगे बहुत कुछ दिलचस्प होना है!

**-हरिशंकर व्यास-**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# विशेष प्रतिभाओं को पहचान कर आगे बढ़ने का देना होगा अवसरः श्री सिंहदेव

**» राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में दुर्ग जोन बना ओवरऑल चैंपियन**
**» चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न**

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टीएस सिंहदेव की मुख्य आतिथ्य में 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्री ा प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जोन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जनरल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया वहीं रायपुर जोन द्वितीय एवं सरगुजा जोन तृतीय स्थान पर रहा। समापन समारोह में जोन के खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा स्थानीय स्कूली छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया तथा मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगिता समापन की विधिवत घोषणा की गई।
मंत्री श्री सिंहदेव ने सफल व असफल दोनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा हमारी सरकार खेलों को महत्व देते हुए बेहतर संसाधन देने का काम कर रही है जिससे खेल के क्षेत्र में परिवर्तन दिखाई दे रहा




है और प्रतिभागियों को खेल का अवसर मिलते जा रहा है। विशेष प्रतिभाओं को पहचान कर आगे अवसर देना होगा तभी भविष्य में वे खिलाड़ी अपने समाज, जिला, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रयास करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पे ़ई में भी समय दें। वर्तमान में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक भी चल रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही शहरी क्षेत्र के लोग पारंपरिक खेलों में बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं।
कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि सरगुजा की उपलब्धि है कि यहां 4 दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजन का अवसर मिला। करीब 800 स्कूली बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के साथ कोच और मैनेजर भी 4 दिन तक हमारे अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जो व्यक्तिओं को आपस में जो ता है। व्यक्ति में खेल भावना आ जाए तो वह किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है।
प्रतियोगिता का परिणाम- बास्केटबॉल 14 वर्ष बालक प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा जोन, बास्केटबॉल 14 वर्ष बालिका प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा जोन, वुडबाल 19 वर्ष बालक प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा जोन, वुडबाल 19 वर्ष बालिका प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा जोन, मिनी गोल्फ 19 वर्ष बालक प्रथम दुर्ग, द्वितीय सरगुजा, तृतीय रायपुर जोन, मिनी गोल्फ 19 वर्ष बालिका प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा जोन, क्रिकेट सुपर सेवन 19 वर्ष बालक प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर जोन, क्रिकेट सुपर सेवन 19 वर्ष बालिका प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर जोन, तैराकी 14, 17 व 19 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग जोन, तैराकी 14, 17 व 19 वर्ष बालिका प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग जोन तथा वाटरपोलो 19 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग तथा तृतीय बस्तर जोन रहा। सहभागिता पुरस्कार बस्तर जोन, बिलासपुर जोन, दुर्ग जोन, रायपुर जोन, सरगुजा जोन को प्राप्त हुआ।
कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण हेमंत उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस सिसोदिया, जिला शिक्षाधिकारी संजय गुहे तथा सभी जोन के अधिकारी एवं प्रतिभागी खिलाड़ी छात्र उपस्थित थे।

## मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने जबड़े के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर युवती की बचाई जान

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने एक और सफल ऑपरेशन किया है। एक युवती पिछले 6 महीने से जबड़े के ट्यूमर से परेशान थी। दंत विभाग के चिकित्सक डॉ. अभिषेक हरीष व उनकी टीम ने तीन घंटे का सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई है। महिला का जबड़ा पूरी तरह से सड़ चुका था। ऑपरेशन में विशेष बात यह है कि युवती के चेहरा को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। उसे एक वर्ष बाद पुनः सरर्जी कर जबड़ा बनाया जाएगा।



जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी लक्षवंती अगरिया उम्र 21 वर्ष जबड़े के दर्द से पारेशना थी। दांत चिकित्सक अभिषेक हरिष ने बताया की कुछ दिन पूर्व इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल आई थी। यहां उसे सीटी स्कैन कराया गया। जांच में जबड़े के मसुड़े में एक दांत फंसा था। जो सड़कर ट्यूमर का रूप ले लिया था और जड़ा पूरी तरह से सड़ चुका था। उसे तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। डॉ. अभिषेक हरीष ने मामले की जानकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह को दी। लखन सिंह द्वारा तत्काल प्लेटिंग कीट व ऑपरेशन के सामान उपलब्ध कराया गया और युवती का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन करीब 3 घंटे तक चली। ऑपरेशन के दौरान डॉ. अभिषेक हरीष के अलावा डॉ. एश्वर्या व अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## खिलाडि़यों का चयन ट्रायल आज

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
. छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नवंबर माह में किया जाना है। इसके लिए सरगुजा क्रिकेट संघ की टीम के खिलाडि़यों का चयन ट्रायल 16 अक्टूबर को गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में किया जाएगा। सीनियर वर्ग एवं टी-20 और अडंर 23 मैच के लिए कट आफ डेट 1 सितंबर 2022 तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिन खिलाडि़यों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है उनका आधार कार्ड वह जन्म प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है। जिन खिलाडि़यों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है उन्हें ट्रायल के पहले रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। उक्त जानकारी सरगुजा क्रिकेट संघ के सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने दी।

## एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था जानने तमिलनाडू से आए अधिकारी

**यहां के मॉडल देख हुए खुश**

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,14अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
. अंबिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था जानने शुक्रवार को तामिलनाडू टीम पहुंची। तमिलनाडू राज्य के शहरी विकास विभाग के संचालक सह आयुक्त टाउन पंचायत तमिलनाडू सहित संचालनालय तमिलनाडू की 7 सदस्यीय टीम नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में चल रहे एसएलआरएम माडल के अध्ययन भम्रण किया। टीम द्वारा पहले नवापारा आवासीय क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का अवलोकन किया गया। टीम के सदस्य घर-घर जाकर डोर-टू-डोर संग्रहण देखा एवं नागरिकों से स्वच्छता के संबंध में चर्चा की गई। ततपश्चात नवापारा एसएलआरएम सेंटर की दैनिक कार्य का अध्ययन किया गया, जिसमें स्वचछता दीदीयों द्वारा निष्ठा एप्प के माध्यम से उपस्थिति डोर-टू-डोर संग्रहण पंजी, यूजर चार्ज संग्रहण एवं कचरा विक्रय के संबंध में



विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। डीसी रोड एसएलआरएम सेंटर में गीले कचरे से खाद बनाने एवं सूखे कचरे के पृथककरण की जानकारी प्राप्त की एवं कार्य का अवलोकन किया गया।
टीम द्वारा गोधन न्याय योजना अन्तर्गत गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निमार्ण की जानकारी ली गई एवं घुटरापारा गौठान का भ्रमण किया गया। गौठान भ्रमण के पश्चात सेनेटरी पार्क का भ्रमण किया गया जहां पुराने डम्प यार्ड के उद्यान के रुप में परिवर्तन हेतु किये गये कार्य की विस्तृत जानकारी ली गई। तृतीयक पृथककरण कार्य, प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण किया गया। साथ ही सेनेटरी पार्क स्थित एफएसटीपी प्लांट का भी अवलोकन किया गया। भ्रमण पर आए टीम द्वारा यहां का मॉडल देख कर तमिलनाडु के नगरों में इस मॉडल पर काम किए जाने हेतु डाटा सेंटर में महापौर डॉ. अजय तिर्की व आयुक्त के साथ विस्तृत चर्चा की गई। तमिलनाडु से आए अधिकारियों द्वारा अंबिकापुर में किए गए कार्य की सराहना करते हुए, तमिलनाडु के नगरों में भी इस मॉडल का उपयोग किए जाने को कहा गया।



## सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता सेमी फाइनल आज

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,14अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच फुटबॉल क्लब कर्रा राजपुर बनाम सरगुजा फॉरेस्ट के मध्य खेला गया। कर्रा राजपुर की टीम ने 2-0 गोल से हराया कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच ट्राइवल आइगर अंबिकापुर बनाम सूरज क्लब तालपारा के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा। मैच के अंत तक दोनों टीमें बराबरी पर रही, लेकिन लीग मैच में प्वाइंट के आधार पर सूरज क्लब तालपारा ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को इस प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल सूरज क्लब तालपारा बनाम अदानी फुटबॉल एकादमी तथा दूसरा समी फाइनल सरगुजा पुलिस बनाम फुटबॉल क्लब कर्रा राजपुर के मध्य खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता का फाइन मैच रविवार की दोपहर दो बजे से खेला जाएगा

## जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट सभा में हिस्सा ले चुकी बाल पर्यावरण कार्यकर्ता पहुंची हरिहरपुर

-संवाददाता-
**उदयपुर ,14अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
भारत की बाल पर्यावरण कार्यकर्ता 11 वर्षीया लिसिप्रिया कुंगजाम ने भी हसदेव को बचाने उदयपुर के हरिहरपुर पहुंच कर आमजनों के आंदोलन को अपना सहयोग दिया। मूल रूप से मणिपुर की लिसिप्रिया पर्यावरण के प्रति लगातार समर्पित हैं और विभिन्न देशों में पर्यावरण को सुरक्षित रखने विभिन्न सम्मेलनों, संगोष्ठियों एवं आंदोलनों में हिस्सा लिया है। हसदेव के जंगलों को बचाने कई महीनों से आंदोलन चल रहा है। देश-विदेश से कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है और यहां आते रहे हैं। अडानी एवं राजस्थान पावर कम्पनी का विरोध यहां पर लगातार जारी है। लिसिप्रिया के यहां पहुंचने पर उसे सुनने और देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में स्थानीय जन हरिहरपुर आंदोलन स्थल पर मौजूद थे।
हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित अपने भाषण में लिसिप्रिया ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन को लेकर चर्चा किया और



आमजनों को स्वस्थ्य पर्यावरण के लिए सचेत किया। हसदेव को बचाने में लोगों के साथ रहने की बात भी उनके द्वारा कही गई। पेड़ पौधों के महत्व को समझाते हुए हुए इन्हें किसी भी सूरत में नहीं कटने देने की बात कही।
लिसीप्रिया के हसदेव बचाओ आंदोलन को समर्थन देने से दुनिया का ध्यान हसदेव पर जाएगा । ग्रामीणों को अब बड़े पैमाने पर विश्व स्तर पर आंदोलन को समर्थन मिलने की उम्मीद जगी है साथ ही बचे हुए करोड़ों पेड़ों को सुरक्षित रखने की आस भी आज लोगों के चेहरे पर देखी गई।
कार्यक्रम को बिलासपुर से आए पर्यावरण कार्यकर्ता प्रथमेश मिश्रा छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला चंद्र प्रदीप वाजपेई, बीआर कौशिक, श्रेयांश बुधिया, रश्मि बुधिया, साकेत तिवारी अश्विन तिवारी पवन पांडे योगेश गुप्ता सोनू राठौर बाल साय कोर्राम, राजा जय सिंह कुसरो तथा अन्य स्थानीय लोगों ने भी संबोधित किया। उपस्थित लोगों को सभी ने संबोधित करते हुए कहा कि हसदेव के जंगलों को जिस तरह से प्रशासनिक दबाव एवं धोखे से काटा गया है ऐसी स्थिति दोबारा नहीं आने देंगे हसदेव के जंगलों को नहीं कटने देने का संकल्प भी इस दौरान इनके द्वारा लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान सत्यमीत सिंह विजय कोर्राम श्रीपाल बिपाशा, सुनीता सिंह, रामलाल, आनंद तथा सैकड़ों लोग उपस्थित रहे मंच का संचालन जय नंदन सिंह द्वारा किया गया। लिसीप्रिया के आगमन की सूचना पर पुलिस बल धरना स्थल से थोड़ी दूर मौजूद रहे साथ ही हरिहरपुर सालही तारा इत्यादि जगहों पर भी पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किए गए थे।

## अपराध को संरक्षण देने वाली है भूपेश सरकार



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,14अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल अंबिकापुर द्वारा भाजयुमो प्रदेश आवाहन पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के उपस्थिति में एवं रवि कांत उराव नगर प्रभारी संजीव वर्मा सह प्रभारी हर्ष जयसवाल शरद सिन्हा नगर अध्यक्ष निसांत सिंह नगर महामंत्री दीपक यादव ,रवि सोनी जी के नेतृत्व में प्रदेश में व्याप्त लचर कानून व्यवस्था, जघन्य अपराध, दिनदहाड़े चाकू से गोदकर निर्मम हत्या, छोटी सी बात पर गोली मार के हत्या छत्तीसगढ़ के बेटी, बहनों,नाबालिक तक से सामूहिक बलात्कार कर हत्या। नक्सलियों से कांग्रेसियों के संबंध इस बात को दर्शाता है की इन समस्त घटनाक्रम में कांग्रेस के भूपेश सरकार की मौन सहमति है। 4 वर्षों के इस सरकार में प्रदेश की जनता अपराध अपराधियों और अपराध को संरक्षण देने वाली इस भूपेश बघेल की सरकार से त्रस्त है। आक्रोशित है परेशान है। इसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस सरकार का अंबिकापुर स्थानीय संगम चौक में पुतला दहन कर विरोध जताया जिसमे मुख्य रूप से अनीश सिंह, गोलू यादव, अमोक कश्यप नगर उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा , मोंटी यादव रितेश , अंशु जयसवाल, रिशु अम्बस्ट,राहुल मंडल, मनीष दुबे रजनीश सिंह, रिसब त्रिपाठी,मनीष सिंह , आशीष अग्रवाल , विष्णु पांडे ,प्रिंस चोबे ,हिमांशु सिंह सेंगर , रोनी मिश्रा,शानू तिवारी , पंचू विश्वकर्मा , सौरभ ,अनुज सोनी,अतुल ताम्रकार उपस्थित रहे ।



## जनजाति गौरव समाज सरगुजा द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,14अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
जनजाति गौरव समाज सरगुजा द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण 12 घटाने के विरोध में कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया। माननीय उच्चम न्यायालय बिलासपुर में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आरक्षण संशोधन अधिनियम 2012 पर 19 सितंबर 2022 को सुनवाई हुआ जिसमें भूपेश बघेल शासन के लापरवाही के कारण जान बूझकर बड़े अधिवक्ताओं को इस पक्ष में खड़ा नहीं करने के कारण एवं ठीक तरीके से तैयारी नहीं किए जाने के कारण अनुसूचित जनजाति को मिलने वाले आरक्षण को 32त्न से घटाकर 20त्न कर दिया गया। राज्य शासन की लापरवाही एवं माननीय उच्चम न्यायालय के इस निर्णय से प्रभावित प्रदेश के जनजाति वर्ग में बहुत ही आक्रोश व्याप्त है। 2012 में तत्कालीन डॉ रमन सिंह की सरकार ने जनजाति जनसंख्या के अनुपात में 32त्न प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था। जिससे जनजाति समाज को सभी क्षेत्रों में न्यायपूर्ण स्थान मिल रहा था। लेकिन इस निर्णय के बाद से जनजाति समाज को उसका वास्तविक हक नहीं मिल पाएगा।
आरक्षण में 12 प्रतिशत घटने से सरगुजा और बस्तर संभाग जो की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है। इस निर्णय से प्रभावित होकर यहां के जिलों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नौकरियों में स्थानीय निवासियों को मिलने वाली वरीयता को भी समाप्त कर दिया गया है। पदोन्नति में भी आदिवासी आरक्षण को खत्म किए जाने के कारण सैकड़ों हजारों अनुसूचित जनजाति कर्मचारी अधिकारियों को भी उसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनुसूचित जनजातियों पर हो रहे लगातार उनके अधिकार हनन से आक्रोशित होकर और अपने अनुसूचित जनजाति आरक्षण को जनसंख्या अनुपात में शत-प्रतिशत प्रदान किए जाने की मांग को लेकर जनजाति गौरव समाज ने यह ज्ञापन दिया है। 32त्न आरक्षण नहीं दिए जाने पर जनजाति समाज द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई है।
इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में जनजाति गौरव समाज के बंशीधर उरांव, रविशंकर पैकरा, फुलेश्वरी पैकरा, इंदर भगत, अंकित तिर्की, जिला अध्यक्ष बिहारीलाल उरांव जी, जिला सचिव उपेंद्र सिंह ओरकरा, मानकेश्वर भगत, देवनारायण भगत, भगत राम, पूर्णा हुती भगत, शिवम् बरवा, श्रीराम भगत, जगेश्वर पैकरा, नेहरू शांडिल्य, संतोष पावले, शिव शांडिल्य, मेनका पैकरा, सुमेश्वर सिंह, गुलाब पैकरा, सावित्री, रीता कुर्रे एवम् बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



## 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता आदेश जारी करने पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मनाया जश्न

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,14अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सरगुजा के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता आदेश जारी करने पर घड़ी चौक अंबिकापुर में पटाखा फोड़कर मिठाई बांटकर खूशियां मनाया गया व कमल वर्मा जिंदाबाद के नारे लगाए गए। आदेश जारी होने से अब छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी को 33 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा, केन्द्र से 5 प्रतिशत कम मिलेगा,हम आशा करते हैं कि सरकार बचा हुआ महंगाई भत्ता जल्द देगी,इस कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष कौशलेंद्र पाण्डेय, जिला संयोजक कमलेश सोनी,सी के मिश्रा, अनिल तिवारी, आशुतोष दुबे, नितेश पाण्डेय, सुनील तिवारी।

## 8 ओव्हर लोड ट्रकों पर हुई कार्यवाही

-संवाददाता-
**सूरजपुर ,14अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारियों को अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को थाना चंदौरा की पुलिस ने वाहन की चेकिंग के दौरान 8 ट्रकों को ओव्हर लोड पाया, ट्रक भैयाथान के रेत



भण्डार से रेत भरकर उत्तरप्रदेश के गोरखपुर के लिए रवाना हुए थे जिनमें ओव्हर लोड़ था। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए ट्रकों को जप्त कर चालान माननीय न्यायालय में पेश किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदौरा शिवकुमार खुटे, एएसआई राम सिंह, सत्येन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक महेंद्र मरावी, प्रमोद लकड़ा, आरक्षक प्रवीण मिश्रा, रविंद्र जायसवाल, अखिलेश दुबे, विनय कुमार व ज्वाला सिंह सक्रिय रहे।

# Infosys कंपनी ने भी मूनलाइटिंग को लेकर कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता




**दिल्ली, 14 अक्टूबर 2022।** विप्रो की तरह, इंफोसिस ने भी हाल के महीनों में मूनलाइटिंग के लिए कर्मचारियों को निकाल दिया है. सीईओ सलिल पारेख ने कहा, ÷हमने जहां भी कर्मचारियों को दो अलग-अलग कंपनियों में काम करते हुए पाया है वहां से गोपनीयता के मुद्दे पर हमने उन्हें पिछले 12 महीनों में जाने दिया है.÷ हालांकि उन्होंने इस दौरान किसी भी तरह के आंकड़े का जिक्र नहीं किया है. विप्रो के चेयरमैन ऋषभ प्रेमजी ने कुछ हफ्ते पहले कहा था कि कंपनी ने मूनलाइटिंग के लिए 300 कर्मचारियों को निकाल दिया है. हालांकि, इंफोसिस कर्मचारियों को बाहरी काम करने की अनुमति देने के लिए एक नीति पेश करने की योजना बना रही है. पारेख ने कहा कि इंफोसिस ने एक्सेलरेट नामक एक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है जहां कर्मचारी इंटरनल गिग वर्क और बाहर की परियोजनाओं को देख सकते हैं. इंफोसिस ने बताया था कि एक्सीलरेट और इंफोसिस गिगमार्केटप्लेस मैनेजर्स को शॉर्ट-ड्यूरेशन गिग वर्क को लिस्ट करने में सक्षम बनाते हैं. संगठन भर में आंतरिक प्रतिभा निष्पादन द्वारा इन नौकरियों को उठा सकती है.

पारेख ने कहा, ÷औसत तिमाही में, 4,000 लोग इन नौकरियों के लिए आवेदन करते हैं, जिनमें से 600 चुने जाते हैं. हम काम से परे सीखने के लिए अपने कर्मचारियों की आकांक्षाओं का समर्थन करते हैं. हम संविदात्मक गोपनीयता प्रतिबद्धताओं का पूरी तरह से सम्मान सुनिश्चित करते हुए अधिक व्यापक नीतियां विकसित कर रहे हैं. हालांकि, हम दोहरे रोजगार का समर्थन नहीं करते हैं.÷

इंफोसिस ने दूसरी तिमाही में 10,032 से अधिक कर्मचारियों को कंपनी से जोड़ा है, जिससे कुल कर्मचारियों की संख्या 3.4 लाख हो गई है. सीएफओ नीलांजन रॉय ने कहा, ÷कंपनी ने वित्त वर्ष की पहली छमाही में 40,000 फ्रेशर्स को काम पर रखा है. फ्रेशर्स को शामिल करने में कोई देरी नहीं की गई है.÷ सितंबर तिमाही में स्वैच्छिक कर्मचारियों की संख्या घटकर 27.1% हो गई है, जो पिछली तिमाही में 28.4% थी।

# करवा चौथ पर जमकर हुई खरीदारी, बिक गए 3,000 करोड़ के सोने के गहने



**नई दिल्ली ,14 अक्टूबर 2022।** देश भर में करवाचौथ के अवसर पर सोने और सोने के आभूषणों की बिक्री का आंकड़ा लगभग तीन हजार करोड़ का रहा जो पिछले वर्ष के समान दिन में लगभग 2200 करोड़ रुपये का था। कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं देश के छोटे ज्वेलर्स के संगठन आल इंडिया ज्वेलर्स एवं गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) ने आज एक संयुक्त बयान में कहा कि देश भर के ज्वेलरी व्यापारियों को करवा चौथ पर एक बेहतर व्यापार का बड़ा अवसर मिला है। भारतीय परंपरा के मुताबिक आगामी नवम्बर से शुरू होने वाले शादियों के लिए भी सोने के गहनों आदि की बुकिंग भी आज से शुरू हो गयी है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं आइजेजीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि देश भर में सोने और सोने के आभूषणों की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गयी। पिछले वर्ष के करवा चौथ त्योहार के मुकाबले सोना 3400 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा लेकिन चांदी 11 हजार रुपये किलो सस्ती रही। राजधानी में 24 कैरट सोने के दाम 52 हजार रुपये और 22 कैरट सोना 48 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी 59 हजार रुपये प्रति किलो है। उन्होंने कहा की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव को देखते हुए आने वाले समय में सोने के दामों में वृद्धि की संभावना है।

# कश्मीर के हस्तशिल्प, हथकरघा निदेशालय का निफ्ट के साथ समझौता

**श्रीनगर ,14 अक्टूबर 2022।** कश्मीर के हस्तशिल्प और हथकरघा निदेशालय ने द रिपोजिटरी इंडियन टेक्सटाइल्स एंड क्राफ्ट्स (आरटीसी) नामक परियोजना के तहत देश के राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के साथ एक समझौता किया।

हस्तशिल्प और निदेशालय के निदेशक महमूद अहमद शाह और निफ्ट के निदेशक डॉ संजीव कुमार की उपस्थिति में यह समझौता हुआ।

यह परियोजना निफ्ट द्वारा शुरू की गई है और जिसे भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य एक एकीकृत प्रणाली बनाने के लिए भारतीय वस्त्र शिल्पा कोष नामक राष्ट्रीय ज्ञान पोर्टल विकसित करना है जो वस्त्रों की अतीत और वर्तमान स्थिति को बुनने के लिए एक रूपरेखा तैयार करेगा।

श्री शाह ने कहा, हम हर संभव तरीके से निफ्ट इंडिया का समर्थन करने का प्रयास करेंगे। यह एक बहुत बड़ा प्रयास है और कश्मीर से जुड़ी विरासत और समकालीन डिजाइनों को संरक्षित करने में एक लंबा सफर तय करेगा।



## सितंबर में थोक महंगाई में आई नरमी

**नयी दिल्ली ,14 अक्टूबर 2022।** सितंबर में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई में आई नरमी, थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई 10.70 प्रतिशत रही , अगस्त में यह 12.41 प्रतिशत रही थी।

थोक मुद्रास्फीति की आज जारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2022 में खाद्य पदार्थ की महंगाई 8.08 प्रतिशत रही जबकि अगस्त में यह 9.93 प्रतिशत रही थी। विनिर्मित उत्पादों की श्रेणी में खाद्य पदार्थों का सूचकांक अगस्त के 176 से सितंबर में घट कर 175.2 पर आ गया।

# रेलवे कर्मचारियों को केंद्र ने दिया दिवाली गिफ्ट,78 दिनों के बोनस का ऐलान




**नई दिल्ली ,13 अक्टूबर 2022।** रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने दिवाली पर बड़ी खुशखबरी दी है। केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने का ऐलान किया है। मोदी कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस दिया जाएगा। साथ कैबिनेट ने तेल वितरण कंपनियों को 22000 करोड़ रुपए का वन टाइम ग्रांट दिया है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में एलपीजी के दाम बढ़ने के बावजूद एलपीजी के दाम घरेलू बाज़ार में उसी अनुपात में नहीं बढ़ाने से जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जा सके।

पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों का देश के नागिरकों पर बोझ ना पड़े इसके लिए यह फैसला लिया गया है। जाहिर है रेलवे के 11.27 लाख कर्मचारियों को 1,832 करोड़ रुपये का प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस दिया जाएगा। यह 78 दिनों का बोनस होगा और इसकी अधिकतम सीमा 17,951 रुपये होगी। रेलवे पर इससे 1832.09 का भार पड़ सकता है। रेलवे ने पिछले साल भी अपने रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस दिया था। एक रेलवे कर्मचारी को 30 दिन के हिसाब से 7000 रुपए बोनस बनता है। ऐसे में 78 दिन का उस कर्मचारी को लगभग 17,951 रुपए बोनस मिलेगा।

कोरोना काल के दौरान रेलवे ने अपने काम से सभी को प्रभावित किया था। कर्मचारियों द्वारा लॉकडाउन अवधि के दौरान भी दुर्गम स्थानों पर आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, खाद, कोयला और अन्य वस्तुओं की आवाजाही सुनिश्चित की गई थी। इसके अलावा रेलवे अपनी फैसिलिटीज में भी अपडेशन ला रहा है। माना जा रहा है कि इससे भी साल रेलवे की आय में बढिया़ वृद्धि होगी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं

**नयी दिल्ली ,14 अक्टूबर 2022।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के 95 डॉलर प्रति बैरल के नीचे पहुंचने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी स्थिर रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94.35 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.21 प्रतिशत के दबाव के साथ 88.92 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

# सर्दी आते ही बढ़ने लगे केस,चीन में लॉकडाउन जैसे हालात,यूरोपीय देशों में एक और लहर की आशंका

पिछले कुछ महीनों से स्थिर कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर से उछाल देखा जा रहा है। चीन में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। शंघाई में कोविड के मामले तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं, हालात इस कदर बिगड़ रहे हैं कि स्थानीय प्रशासन ने स्कूल, जिम और बार को बंद करने का फैसला किया है। लोगों से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवयर का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शहर में बुधवार को 47 नए संक्रमण के मामले रिकॉर्ड किए गए हैं, यह 13 जुलाई के बाद से सबसे अधिक है। 13 जुलाई को शंघाई में मामलों के बढ़ने के साथ प्रशासन ने एहतियातन कुछ स्थानों को बंद करने का फैसला किया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार संक्रमण फैलने की आशंका को देखते हुए शंघाई के कई स्कूलों ने एक बार फिर से फिजिकल क्लासेज को बंद करने का फैसला किया है। कुछ हिस्सों में सिनेमा, बार और जिम सहित मनोरंजन स्थलों को भी बंद कर दिया है। शंघाई में कोरोना के बढ़ते मामलों ने अन्य देशों को फिर से अलर्ट कर दिया है।

पिछले दो वर्षों की तरह एक बार फिर से अक्तूबर में संक्रमण बढ़ने के साथ फिर से सवाल खड़ा हो गया है कि क्या सर्दी का मौसम आते ही कोरोना के व्यापक रूप लेने का खतरा बढ़ जाता है? आइए अन्य देशों में कोरोना संक्रमण की स्थिति के बारे में जानते हुए इसके संभावित खतरों के बारे में समझते हैं।

**चीन में बीएफ.7 और बीए.5.1.7 का प्रकोप**

चीन के कई प्रांतों में ओमिक्रॉन के दो अत्यधिक संक्रामक सब-वैरिएंट्स बीएफ.7 और बीए.5.1.7 के मामले देखे जा रहे हैं। अध्ययनों में इन दोनों वैरिएंट्स की संक्रामकता दर काफी अधिक पाई गई है। इन वैरिएंट्स के जोखिम और इससे खतरों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आने वाले कुछ महीनों, सर्दी के मौसम में चीन में संक्रमण बढ़ने की आशंका जताई है। चूंकि इन दोनों सब-वैरिएंट्स के मामले चीन के ज्यादातर हिस्सों से रिपोर्ट किए जा रहे हैं, ऐसे में शोधकर्ताओं ने लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की अपील की है।



रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने एक रिपोर्ट में बताया कि बीए.5.1.7 ओमिक्रॉन के वैरिएंट बीए.5 का ही प्रकार है। वहीं बीएफ.7 के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में भी पिछले दिनों 13 प्रतिशत से अधिक मामले दर्ज किए गए थे।

**यूरोपीय देशों में भी बढ़ रहे हैं संक्रमण के मामले**

चीन के साथ-साथ पिछले कुछ दिनों में यूरोप के भी कई हिस्सों में कोरोना के मामलों में उछाल देखने को मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (ईसीडीसी) ने एक हालिया बयान में यूरोप में संक्रमण की एक और लहर को लेकर आंशका जताते हुए लोगों को सचेत रहने की अपील की है।

डब्ल्यूएचओ के यूरोप में निदेशक हैंस क्लूज और ईसीडीसी के निदेशक एंड्रिया अम्मोन ने एक संयुक्त बयान में कहा, कोरोना को लेकर जिस तरह से पहले डर की स्थिति थी फिलहाल अब वैसी तो नहीं है लेकिन कई हिस्सों में जिस तरह से संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं वह चिंता बढ़ाने वाली है। यह इस बात का भी सूचक है कि कोविड-19 महामारी अभी खत्म नहीं हुई है।÷

**सर्दी आते ही बढ़ने लगते हैं कोरोना के मामले**

पिछले करीब तीन साल से जारी कोरोना महामारी में देखा जाता रहा है कि संक्रमण के मामले सर्दी के मौसम की शुरुआत होते ही बढ़ने लगते हैं, आखिर कोरोना का मौसम से क्या संबंध है? इसे समझने के लिए किए गए अध्ययनों में फिलहाल कुछ खास स्पष्ट नहीं होता है, हालांकि अध्ययनकर्ताओं की एक टीम का कहना है कि तापमान गिरना इस प्रकार के वायरस के बढ़ने के लिए अनुकूल होता है। चीन में अक्तूबर-नवंबर में सर्दी की शुरुआत हो जाती है, एक बार फिर से इस मौसम में संक्रमण के मामलों में उछाल देखा जा रहा है।

**भारत में कैसे हैं कोरोना के हालात**

भारत में फिलहाल कोरोना की स्थिति की बात करें तो यहां मामला काफी हद तक कंट्रोल में नजर आ रहा है। पिछले 24 घंटे में देश में 2678 लोगों में संक्रमण की पहचान की गई है। डेली पॉजिटिविटी रेट अभी 1.13 फीसदी के करीब बनी हुई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से कई देशों में कोरोना के मामलों में उछाल देखा जा रहा है इसे लेकर लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पिछले 2 साल से जिस तरह के अक्तूबर के महीने में संक्रमण की दर बढ़ती देखी जाती रही है इस खतरे को समझते हुए सभी लोगों को लगातार सावधानी के उपाय करते रहने चाहिए।

# जिम में एक्सरसाइज के दौरान इन कारणों से आ सकते हैं चक्कर,सावधानी है जरूरी

आजकल लोग फिट रहने के लिए जिम में घंटों एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इस दौरान चक्कर या बेहोशी जैसा फील होता है। इसे वर्कआउट की थकान समझकर बहुत लोग नजरअंदाज कर देते हैं, जो गलत है। इससे फिट रहने के बावजूद आपकी जान भी जा सकती है। आज हम आपको बताएंगे कि जिम में एक्सरसाइज के दौरान व्यक्ति को चक्कर आने की क्या वजह हो सकती हैं।

**डिहाइड्रेशन**

जब आप एक्सरसाइज कर रहे होते हैं तो आपके शरीर को तरल पदार्थों की जरूरत होती है और इनकी कमी होने पर डिहाइड्रेशन हो जाता है। शरीर में उर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए पानी एक बेहतरीन विकल्प है, इसलिए पर्याप्त पानी पीना जरूरी है। हालांकि, जिम ट्रेनर प्रोटीन शेक और अन्य चीजें लेने को कहते हैं, जो तभी लेने चाहिए जब आपकी डाइट में प्रोटीन की कमी हो। इसके लिए डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**ब्लड शुगर में गिरावट**

एक्सरसाइज करते वक्त आपके शरीर को नियमित स्तर से अधिक शुगर की जरूरत होती है, इसलिए आपको ऐसा खाना खाना चाहिए जिसमें शुगर या ग्लूकोज मौजूद हो। ये आपकी सेहत को अच्छा और फायदेमंद रखने में मदद करेगा और चक्कर आना और बेहोशी को दूर रखेगा। 20-26 साल उम्र वालों में फास्टिंग शुगर लेवल 100 से 180 एमजी/डीएल, लंच के बाद 180 एमजी/डीएल और डिनर के बाद 100 से 140 एमजी/डीएल तक सामान्य माना जाता है।



**हाई इंटेनसिटी वर्कआउट**

जब आप हाई इंटेनसिटी वर्कआउट (अधिक मेहनत वाली एक्सरसाइज) करते हैं तो शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कभी-कभी शरीर इस तनाव को सहन नहीं कर पाता है जिससे आप बेहोश हो जाते हैं। ऐसी एक्सरसाइज तुरंत नहीं बल्कि वॉर्म अप एक्सरसाइज के बाद ही करनी चाहिए। ये रोजाना भी नहीं करनी चाहिए वरना दिल से जुड़ी समस्याएं शुरू हो सकती हैं। ऐसी एक्सरसाइज करने से पहले दिल की सेहत की जांच जरूर करवाएं।

**ब्लड प्रेशर में गिरावट**

ऐसे लोग जिनका ब्लड प्रेशर कम रहता है, उन्हें जिम में हाई इंटेनसिटी एक्सरसाइज करने से जल्दी चक्कर या बेहोशी हो सकती है। इतना ही नहीं, इससे जान को भी खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, एक बालिग व्यक्ति में 95-145/60-90 के बीच का ब्लड प्रेशर सामान्य माना जाता है, लेकिन यह भी शारीरिक स्थितियों पर निर्भर करता है। खासतौर पर एक्सरसाइज करने वाले लोगों को जल्दी-जल्दी ब्लड प्रेशर मापते रहना चाहिए।

**हेल्थ चेकअप करवाना क्यों है जरूरी?**

अगर आपको जिम एक्सरसाइज के दौरान चक्कर आते हैं और थोड़ी देर आप नॉर्मल महसूस करने लगते हैं तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल मत करिए। यह केवल कमजोरी नहीं, एक बड़ी समस्या हो सकती है, इसलिए हेल्थ चेकअप जरूर कराएं। इसके अलावा जिम में लोगों की सेहत पर नजर रखने के लिए एक डॉक्टर की मौजूदी बहुत जरूरी है ताकि किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति को संभाला जा सके।

# क्या करें जब प्रेग्नेंसी में हीमोग्लोबिन कम हो जाए, जानें बढ़ाने के टिप्स

मां बनने के दौरान शरीर में कई तरह की जटिलताएं आती हैं. जब आप प्रेग्नेंट होती हैं तो इस बात की आशंका हमेशा बनी रहती है कि आपमें खून की कमी या एनीमिया हो सकता है। दरअसल, जब एनीमिया होती है तो हेल्दी ब्लड सेल्स नहीं बनते. यानी ब्लड सेल्स में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो जाती है. चूंकि हीमोग्लोबिन ही ऑक्सीजन को शरीर के सभी अंगों तक पहुंचाता है, इसलिए ऑक्सीजन को आपके शरीर के विभिन्न अंगों और बच्चे तक पहुंचने में दिक्कत होती है. प्रेग्नेंसी के दौरान बॉडी खून को ज्यादा बनाती है ताकि बच्चे का विकास हो सके.

रिपोर्ट के मुताबिक जब शरीर में आइरन या अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है तो खून का बनना भी कम हो जाता है. प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में हीमोग्लोबिन यानी ॥क्क का लेवल ज्यादा होना चाहिए. प्रेग्नेंट महिलाओं में हीमोग्लोबिन का लेवल 12 से कम नहीं होना चाहिए. अगर 11 से कम हो तो इसका मतलब है कि आपको एनीमिया है. अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो मां और बच्चे दोनों की सेहत को खतरा हो सकता है.

हीमोग्लोबिन कमी के लक्षण क्या हैं



प्रेग्नेंसी के दौरान अगर शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाए तो सबसे ज्यादा थकान रहती है.

घबराहट और कमजोरी महसूस होती है. .

त्वचा, होंठ और नाखून पीले पड़ने लगते हैं.

कभी-कभी चक्कर भी आने लगता है.

सांस लेने में कभी-कभी दिक्कत हो सकती है, सांस फूलने लगता है.

दिल की धड़कन तेज हो सकती है.

किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होती है.

क्या करना चाहिए

प्रेग्नेंसी के दौरान खून के लेवल को मैंटेन रखना बहुत जरूरी है. इसके लिए अच्छी डाइट जरूरी है. विटामिन बी 12 की कमी के कारण हीमोग्लोबिन में कमी होती है. इसके लिए विटामिन बी 12 वाली डाइट लेनी चाहिए. डॉक्टर आपको मीट, अंडा और डेयरी प्रोडक्ट लेने की सलाह दे सकते हैं. इसके अलावा आयरन की कमी के कारण भी एनीमिया हो सकता है. आयरन की कमी को पूरा करने के लिए हरी पत्तीदार सब्जियां, मछ्ली, पालक का साग, साबुत अनाज, बींस, मसूर की दाल, ड्राई फ्रूट्स, सीड्स आदि का सेवन करें. विशेषज्ञों के मुताबिक जब शरीर में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है तो यह आयरन को बॉडी में एब्जोर्ब रखता है. इसलिए विटामिन सी से युक्त डाइट को लेना चाहिए. इसके लिए साइट्रस फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, कीवी, टमाटर आदि का पर्याप्त सेवन करें।

CMYK

# कलेक्टर ने शहर की सड़कों का किया निरीक्षण

## पानी निकासी हेतु नाली निर्माण कराने व अतिक्रमण हटाने का निर्देश

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, नगरनिगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई सहित निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों को साथ लेकर अम्बिकापुर शहर की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जमाव वाले स्थानों पर सबसे पहले पानी निकासी हेतु सड़क किनारे नाली निर्माण कराने व सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन दुकानदारों के द्वार नाली को पाट दिया गया है उन्हें नोटिस देने व जुर्माना वसूलने की कार्रवाई करने के साथ ही फिर से नाली निर्माण कराने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।
कलेक्टर ने सबसे पहले डी.सी. रोड से निरीक्षण शुरू किया यहां ऊँ साई दवाई दुकान के पास सड़क में गड्ढे होने के साथ ही पानी भरा था। पानी निकासी हेतु सड़क में दोनों किनारे नाली निर्माण करना सड़क मरम्मत के समय सड़क के बीच से किनारे की ओर स्लोप बनाने में निर्देश दिए। अम्बेडकर चौक में एक किनारे पर भारी जल जमाव होने तथा सड़क खराब होने पर एनएच के अधिकारियों को शीघ्र पानी निकासी हेतु नाली निर्माण कराने व एसडीएम को वहां स्वयं ठेलों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी निकासी हो जाने के बाद सड़क



मरम्मत का काम शुरु करें। सड़क मरम्मत व गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखें। बनारस रोड में भी जल जमाव वाले स्थानों से पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।
मनेंद्रगढ़ रोड में मारुति शोरूम के पास शोरूम से पानी सड़क मे आने एवं नाली को बंद करने के कारण प्रबंधक को फटकार लगाते हुए सड़क में पानी नहीं छोड़ने के निर्देश दिए व नगर निगम व एसडीएम को अवश्यक कारवाही के निर्देश दिए। वहीं शोरूम के पीछे बने चॉल में रहने वाले लोगों द्वारा बाथरूम से निकलने वाले पानी को सड़क में बहने पर नगर निगम को इस पर कार्रवाई करने तथा अब तक नगर निगम के द्वारा यहां नाली निर्माण नहीं कराने पर सहायक राजस्व निरीक्षक व सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भारत माता चौक के पास एवं राजधानी फ्यूल्स के पास सड़क के गड्ढों को ठीक करने के निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिए।
बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में बनेगी सीढ़ी- कलेक्टर ने प्रतीक्षा बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान यात्रियों की परेशानी को देखते हुए टिकट काउंटर व प्रतीक्षालय जाने हेतु दो-तीन स्थानों पर सीढी निर्माण कराने के निर्देश दिए। प्रतीक्षालय व टिकट काउंटर ऊंचाई पर निर्मित होने के कारण आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। वही पेयजल की व्यवस्था हेतु पाइपलाइन लगाने के निर्देश दिए।

## जिले में ईडी की कार्यवाही के बीच कोल माफियाओं के हौसले बुलंद

# चोरी का कोयला ले जाते ट्रक पकड़ाया

-संवाददाता-
कोरबा 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
जिले में अवैध कोयले का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा ढ्ढ एक तरफ जहां कलेक्ट्रेट में ईडी की कार्यवाही शुरू करते हुए दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है, वही कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से खदानों से कोयला एवं डीजल चोरी करने वाले माफियाओं के हौसले बुलंद है, जो अभी भी कारोबार को अंजाम दे रहे हैं बीती रात जिले के बुडवुड खदान से अवैध कोयले का परिवहन कर रहा ट्रक कीचड़ में फंस गया, जिसके कारण अवैध कारोबार की पोल खुल गई, समय रहते इसकी जानकारी पाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुड़बुड़ से खदान से चोरी की हुई कोयला हाइवा में भरकर अन्यत्र जगह पर खपाने निकला है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और घेराबंदी हाइवा क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0817 को पकड़ा ढ्ढजिसके परिवहन के संबंध कागजात मांगा गया तो चालक मनीष कुमार कैवर्त व हेल्पर हेमंत कुमार केंवट ने बताया कि यह कोयला किसी दीपक का है और कोयले को खदान के बाहर से लेबर के माध्यम से लोड किया गया,जिसे रतनपुर ले जाया जा रहा था ढ्ढ तलाशी लेने पर वाहन में कोयला भरा था। चोरी का कोयला खपाने ले जाने के पूर्ण संदेह पर पुलिस ने हाइवा के चालक व हेल्पर को गिरफ्तार कर धारा 41-1-4, 379 भादवि के तहत कार्रवाई की साथ ही जब्त 9 टन कोयले की कीमत पुलिस ने 45 हजार रुपए आंकी है।




## नगर पंचायत कर्मचारियों की बढ़ी मुश्किलें वेतन के पड़े लाले

-पृथ्वीलाल केशरी-
रामानुजगंज 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
नगर पंचायत कर्मचारियों को तनख्वाह के लाले पड़ गए हैं। जबकि नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव डहरिया ने प्रदेश के सभी निकायों को महीने के पहले हफ्ते में वेतन भुगतान करने के आदेश दिए हैं, परंतु खुद मंत्री के बलरामपुर प्रभारी जिले के रामानुजगंज नगर पंचायत कर्मचारियों को 2 माह के बाद भी वेतन भुगतान नहीं हुआ है। और हफ्ते भर बाद दीपावली है। नगर पंचायत कर्मियों को चिंता है कि यदि सितम्बर महीने की तनख्वाह इस महीने ले देकर मिल भी गई,तो अक्टूबर का वेतन क्या दीपावली के बाद मिलेगा? विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत रामानुजगंज के कर्मचारियों के सामने बड़ी मुश्किल आन पड़ी है। वही नगर पंचायत के कर्मचारियों की दिवाली खराब होने वाली है। वही रामानुजगंज नगर पंचायत आर्थिक संकट से जूझ




रहा है। समय पर कर की वसूली नहीं कर पाने के कारण रामानुजगंज नगर पंचायत की हालत खस्ता है। कुछ दैनिक भोगी कर्मचारियों को भुगतान करने के बाद बाकी पैसा अन्य कार्यों में खर्च हो गया। नगर के रसूखदार लोगों ने अपने करों का भुगतान नहीं किया है जिससे ये हालत उत्पन्न हुए है। जहां एक ओर सभी दिवाली की तैयारियां बड़े ही धूमधाम से कर रहे है। तो वहीं दूसरी ओर इस विभाग के कर्मचारियों को रोजमर्रा की चिजों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएमओ से संपर्क नहीं होने के कारण वेतन भुगतान के संबंध में डिटेल जानकारी नहीं मिल पाई।

### कर्मचारियों को मझधार में छोड़ सीएमओं गये एक माह की छुट्टी पर

नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत रामानुजगंज के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक एक्का एक माह के अवकाश पर चले गए हैं, इस वक्त नगर पालिका निगम बलरामपुर के प्रभारी सीएमओ सुमित कुमार गुप्ता चार्ज में है उनसे मैं चर्चा किया था तो उक्त बातें सामने आई।

# थाना सूरजपुर पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

## मामा की हत्या करने वाले भांजा को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर ,14अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।
दिनांक 03.10.22 को ग्राम सलका निवासी कृष्णा सिंह ने थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि इसका पिता मृतक फुलसाय सिंह दिनांक 03.10.22 के सुबह घर से बहन मुन्नी बाई के यहां ग्राम गेतरा जा रहा कहकर निकला था दोपहर में इसकी बुआ घर आकर बताई कि फुलसाय सुबह घर आया था, घर में जलाने के लिए लकड़ी मांगा और घर के सामने बाड़ी में सो गया उठ नहीं रहा है फौत हो गया है, उसकी मृत्यु कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। सूचना पर थाना सूरजपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मौके पर पहुंची और शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेजा। जांच के दौरान मृतक का पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु का कारण हत्यात्मक लेख किए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 448/22 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।
मामले की सूचना पर पुलिस




अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को सभी बिन्दुओं पर गंभीरतापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस के द्वारा संदेही अजय सिंह से घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ करने पर हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।
पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि फुलसाय इसका मामा है, दिनांक 3 अक्टूबर को सुबह मामा घर आया था, बाड़ी में बेतरी तोड़ने के दौरान शराब दिलाने की बात को लेकर विवाद करने लगा तब इसने मामा को तेज धक्का मारा जो पीठ के बल गिर गया, मामा के द्वारा गाली-गलौज करने से गुस्से में आकर पेट व कमर में लात से मारा जिससे मामा की मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी अजय सिंह पिता बिन्देश्वर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गेतरा, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, गजपति मिर्रे, प्रधान आरक्षक इसित बेहरा व आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।



# 45 लीटर महुआ शराब सहित एक गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर ,14अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी है। गुरूवार को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सागरपुर निवासी नविन्दर सिंह बिक्री करने हेतु अवैध महुआ शराब रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब जप्त किया है।
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सागरपुर निवासी नविन्दर सिंह के यहां पहुंची जहां आरोपी के कब्जे से 45 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 9 हजार रूपये का पाया गया जिसे जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी नविन्दर सिंह पिता दिलसाय उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक हंसराम कनेडिया, आरक्षक धनंजय साहू, दीपक यादव, गणेश सिंह, राजीव गवेल, रविशंकर साहू, महिला आरक्षक सिंधू कुजूर, सैनिक दिनेश यादव, नरेन्द्र साहू, पंकज पटेल व मानसाय सक्रिय रहे।

# पूजा इस बार अपनी आंखों से पहली बार देखेगी दीवाली की जगमग

## जन्म से ही मोतियाबिंद से पीड़ित पूजा का 'चिरायु' में हुआ निःशुल्क ईलाज

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
जन्म से ही मोतियाबिंद से पीं ित 13 वर्ष की पूजा (बदला हुआ नाम) इस साल पहली बार अपनी आंखों से रोशनी के त्यौहार दीपावली की जगमगाहट देखेगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 'चिरायु' योजना ने उसकी दोनों आंखों की रोशनी लौटा दी है। सरगुजा के बतौली में जीवन ज्योति नेत्रहीन विद्यालय में पे ने वाली पूजा जन्म से ही मोतियाबिंद से पीं ित होने के कारण देखने में असमर्थ थी। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उसका परिवार इलाज नहीं करवा पा रहा था। स्कूल जाने की उसकी ललक और जिद के कारण पिता ने उसे बतौली के जीवन ज्योति नेत्रहीन विद्यालय में भर्ती करा दिया था।
सरगुजा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमीन फिरदौसी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के बतौली के 'चिरायु' दल ने नेत्रहीन स्कूल में पूजा के आंखों की जांच की और उसकी दृष्टि लौटाने



ऑपरेशन का सुझाव दिया। बेटी के जीवन में उम्मीद की किरण देख उसके पिता ने सहर्ष ऑपरेशन के लिए सहमति दी। वर्ष-2018 में रायपुर में पूजा की एक आंख का सफल ऑपरेशन किया गया और इस साल अगस्त में अंबिकापुर में उसकी दूसरी आंख का ऑपरेशन हुआ है। समय पर जांच और ऑपरेशन हो जाने के कारण आज पूजा अपनी दोनों आंखों से सब कुछ देख पा रही है। अगले शैक्षणिक सत्र से वह नेत्रहीन विद्यालय छो कर सामान्य स्कूल में पे ेगी। इस साल की दीवाली को वह पहली बार अपनी आंखों से रोशन होते देखेगी।

### 'चिरायु' के तहत आंगनबाड़ी व स्कूल में 44 तरह की बीमारियों की होती है निःशुल्क जांच व उपचार

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. व्ही.आर. भगत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित 'चिरायु' योजना के तहत चिकित्सा दलों द्वारा आंगनबो ी में दर्ज व स्कूलों में अध्ययनरत 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व यथासंभव इलाज किया जाता है। इसके अंतर्गत 44 तरह की बीमारियों का उपचार किया जाता है। आंख से कम दिखाई देना, कानों से कम सुनाई देना, विटामिन की कमी, एनीमिया, हृदय रोग जैसी बीमारियों की पहचान कर उनका इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों का इलाज स्थानीय स्तर पर संभव नहीं हो पाता उन्हें 'चिरायु' दलों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं में रिफर कर इलाज कराया जाता है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 330 'चिरायु' दल सक्रिय हैं।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए पुरस्कृत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित संभागीय स्वास्थ्य समीक्षा बैठक के दौरान जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। सीतापुर में पदस्थ डॉ संयोगिता पैकरा, असोला उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम सीता सोनी एवं मंजू तिर्की, आमगांव सब हेल्थ सेंटर की एएनएम उमेत्री सिंह तथा नवापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को लगातार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पुरस्कृत किया गया।
इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव श्री आर. प्रसन्ना, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं श्री भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री विलास संदीपान भोस्कर, सीजीएमएससी के संचालक श्री अभिषेक सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बेहतर शिक्षा व गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना बच्चों को उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता:कलेक्टर

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
बेहतर शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्राथमिकता के साथ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के कार्यों की विभिन्न एजेंडा पर समीक्षा की। 15 से भी अधिक बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की निर्धारित समय पर उपलब्धता, मॉडल शौचालय, जल जीवन मिशन के अंतर्गत रनिंग वाटर की उपलब्धता, महतारी दुलार योजना के क्रियान्वयन, बालवाड़ी के संचालन, छात्रवृत्ति पंजीयन की जानकारी, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, स्वामी आत्मानंद स्कूल के संचालन पर समीक्षा की। उन्होंने जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्ययोजना के तहत डिस्मेंटल के पूर्व आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।
आरटीई के तहत बच्चों का स्कूल में प्रवेश, रोड सेफ्टी पर बच्चों और पालकों को जागरूक करने के निर्देश- कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में राइट टू एजुकेशन के तहत बच्चों के निजी स्कूलों में प्रवेश की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल बसों की नियमित चेकिंग एवं रोड सेफ्टी पर बच्चों और पालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



यातायात पुलिस के साथ समन्वय कर रोड सेफ्टी के नियमों की जानकारी देकर उन्हें इनके पालन सुनिश्चित के प्रति जागरूक किया जाए। जनहानि से बचाव ही प्रशासन का उद्देश्य है।
बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं, शिक्षा के दायित्व के प्रति सजग रहें- बैठक में कलेक्टर ने सभी सीएसी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों की निगरानी और शिक्षण का कार्य सजगता से करें। बच्चों को शिक्षा से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने दायित्वों का संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना के कोई भी शिक्षक शाला से अनुपस्थित नहीं रहेंगे, विधिपूर्वक पूर्व सूचना अवश्य दें।
जाति प्रमाण पत्र हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश-
शासन के निर्देशानुसार स्कूल में ही बच्चों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी बीइओ, बीआरसी एवं सीएसी को स्कूलों में शिविर आयोजित करने निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में रनिंग वाटर की उपलब्धता हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की और संबंधित सीईओ जनपद पंचायत को पूर्णता के निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री भगवान सिंह उइके, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री डी तिग्गा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय गुप्ता, समस्त बीईओ, बीआरसी एवं सीएसी उपस्थित रहे।

# अनुकंपा अनुदान के भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। जिले के बतौली विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटईकेला में कार्यरत संविदा कर्मी अतुलकांत आत्मज गिरधारी राम की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अनुकंपा अनुदान की भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। राज्य कार्यालय से अनुमति प्राप्त होने पर अनुकंपा अनुदान का भुगतान किया जाएगा। राज्य कार्यालय से अनुमति प्राप्त होते ही अतुलकांत के पिता के खाते में अनुकंपा अनुदान को हस्तांतरित किया जाएगा।ज्ञातव्य है कि स्व. अतुलकांत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कुसमी तहसील के ग्राम चांदों के निवासी थे।

# गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री रोकने दुकानों का निरीक्षण



-संवाददाता-
अम्बिकापुर 14 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।
कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार त्योहारी सीजन में अमानक मिठाई की बिक्री रोकने जिले के मिष्ठान दुकानों की जांच कर समुचित कार्यवाही की जा रही है।
अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री प्रदीप साहू ने बताया कि 10 अक्टूबर 2022 को मेसर्स शिवम डेली नीड्स सहित विभिन्न स्थानों में संचालित मिठाई दुकानों की जांच कर नमूना लिया गया। इस नमूने को परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। नमूना के गुणवत्ता रिपोर्ट मिलने पर दोषी दुकानदारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

CMYK

# चार महीने में 4 बार भूकंप के झटकों से हिली कोरिया की धरती




» कोयलांचल के रूप में चर्चित कोरिया व सूरजपुर जिले में लगातार भूकंप के झटके चिंता के विषय।
» पिछले चार महीने में चौथी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।
» कोरिया में शुक्रवार की सुबह महसूस चौथी बार भूकंप का झटका।

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में शुक्रवार की सुबह 5 बजे के बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, पिछले चार महीनों में ये चौथा मौका है, जब कोरिया और पड़ोसी जिला सूरजपुर भूकंप का केंद्र रहा है, 4.8 रिक्टर के इस भूकंप में फिलहाल किसी तरह के जान-माल की हानि को लेकर कोई खबर नहीं मिली है, वहीं अब भूगर्भीय वैज्ञानिकों के लिए यह शोध का विषय बन गया है कि आखिर ऐसा क्या कारण है कि सरगुजा संभाग के दो जिले लगातार भूकंप के केंद्र बने हुए हैं।
मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट के मुताबिक कोरिया जिले के छिंदडांड इलाके में गजबन्ध-राक्या गांव के बीच शुक्रवार सुबह भारतीय समय के अनुसार 5 बज कर 28 मिनट और 23 सेकंड पर 4.8 रिक्टर तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने पहले भी इसी जगह भूकंपीय झटके महसूस किए गए थे, शुरुआती जानकारी के अनुसार यह भूकंप सतह से 10 किमी की गहराई पर केंद्रित था, जिसकी भौगोलिक अक्षांशीय स्थिति 23.33ए उत्तरी अक्षांश और 82.58ए पूर्वी देशांतर थी।

### जुलाई में 2 बार महसूस किए गए थे भूकंप के झटके

सरगुजा संभाग के कोयलांचल के रूप में चर्चित कोरिया और सूरजपुर जिले में लगातार भूकंप के झटके चिंता के विषय हैं, क्योंकि यहां पिछले चार महीने में चौथी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. जुलाई महीने से अक्टूबर तक चार महीने की बात करें तो सबसे पहले 11 जुलाई को कोरिया जिले के बैकुंठपुर में सुबह 8-10 मिनट पर 4.3 रिक्टर का भूकंप आया था. इसकी भौगोलिक अक्षांशीय स्थिति 23.36 एन 82.44 ई थी. उसके बाद उसी महीने 29 जुलाई को रात करीब 12-58 बजे कोरिया जिला के बैकुंठपुर में 4.6 रिक्टर वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### भूकंप के झटकों से दहशत में लोग

एक महीने में इन दो भूकंप के झटके लगने के बाद अगले महीने कोरिया के पड़ोसी जिले सूरजपुर के गंगोटी गांव के नजदीक इसका केंद्र रहा. यहां पर दिन के 11.57 बजे 3.0 रिक्टर वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए. इनकी अक्षांशीय स्थिति 23.0 एन 82.8 ई थी, शुक्रवार को आज एक बार फिर कोरिया में आए भूकंप के झटकों ने जहां लोगों को डरा दिया है, वहीं शोधकर्ता के बीच इसकी चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर किन परिस्थितियों के कारण ऐसी स्थिति बन रही है, इस संबंध में कोरिया के कलेक्टर विनय लंगेह ने बताया कि भूकंप से जनहानि की खबर नहीं है, कुछ मकान डैमेज हुए हैं, ऐसा संज्ञान में आते ही तुरंत उनका प्रकरण बनाकर आरबीसी/सीआरबीसी कर रहे है, एसडीएम और पूरी टीम मौके पर है।

# 28 घण्टे से ईडी की टीम दस्तावेजों की बारीकी से कर रही जांच



-राजा मुखर्जी-
**कोरबा 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** जिले में माइनिंग में हुई गड़बड़ी के सिलसिले में कलेक्टोरेट में फिल्मी अंदाज में एंट्री कर दस्तावेज खंगाल रही है द्व ईडी की टीम की कार्रवाई 28 घण्टों से अनवरत जारी है। कल सुबह से रात भर और आज खबर लिखे जाने तक ईडी की जांच से कुछ बड़े खुलासे के आसार बढ़ गए हैं। गुरुवार को कोरबा कलेक्टोरेट कार्यालय में ईडी ने दबिश दी। दर्जनभर अधिकारियों ,दो दर्जन से अधिक सीआरपीएफ के जवानों से लैस टीम ने खनिज विभाग को सील कर अफसरों को बिठाकर फाइलों की जांच शुरू कर रही है। गुरुवार प्रातः 10 बजे से शुरू हुई ईडी की जांच शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक खबर लिखे जाने तक जारी है । गुरुवार को पूरे रातभर फाईल खंगाले जाते रहे। इस दौरान छुट्टी के बाद घर जा चुके दर्जनों कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के लिए वापस बुलाया गया। फोन स्विच्ड ऑफ कर रात भर कार्रवाई चलती रही। ईडी की टीम के जांच कार्य में सहयोग के लिए कई कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भी सेवाएं ली जा रही है। कयास यह लगाया जा रहा के जांच के बाद कुछ बड़े खुलासे हो सकते है द्व जांच के दौरान कौन सी बातें सामने आएंगी ये तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा, फिलहाल ईडी की छापेमारी से ब्यूरोक्रेसी सहित माइनिंग के कारोबार से जुड़े कारोबारियों में हड़कम्प मच गया है।

# गाँव की सड़कों की हालात सुधारें अन्यथा करेंगे पदयात्रा:शारदा गुप्ता



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** गत दिवस छत्तीसगढ़ नवनिर्माण फ़ाउंडेशन एवं युवाओं के दल ने कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर से मुलाक़ात की जिसका मुख्य विषय बैकुंठपुर जनपद के भीतर ग्रामीण सड़कों की दयनीय दशा सुधारने हेतु गम्भीर प्रयास किया जाना है।
इस विषय में जानकरी सेटे हुए युवा नेता शारदा गुप्ता ने बताया कि पूर्व में समस्त टीम का कई क्षेत्रों में भ्रमण हुआ। जिसके दौरान कई सड़के गड्ढों एवं मिट्टी का ढेर नज़र आयी जहां पर बरसात के समय निकलना असम्भव प्रतीत हुआ। तब भी सड़कों की गम्भीर स्थिति पर सक्षम अधिकारियों से चर्चा करके शिकायत की गयी थी। कई स्थानो पर बरसात के समय घटिया क़िस्म की मुरुम अथवा मुरुम के नाम पर मिट्टी डालने की सूचना भी ग्रामीणो द्वारा दी गयी थी। जिसके सम्बंध में विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में खबरों का प्रकाशन किया गया था। किंतु पाया गया है कि उक्त स्थानों पर अभी भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों को आवागमन में भारी तकलीफ़ों का सामना करना पड़ रहा है । मिट्टी मुरुम के कार्यों में सम्भावित भ्रष्टाचार की जाँच हेतु जनपद पंचायत सी.ई.ओ. से माँग की गयी। जिस पर उनके द्वारा तत्काल जाँच दल का गठन किया गया एवं जाँच कर स्थिति सुधारने की बात कही गयी। जिस पर युवाओं के दल के द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।अपनी प्रेस विज्ञप्ति में शारदा गुप्ता ने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए ज्ञापन में इस सम्बंध में समस्या हल ना होने की अवस्था में ग्रामीण स्तर पर आंदोलन, जनपद कार्यालय घेराव एवं विरोध स्वरूप पदयात्रा की चेतावनी दी गयी है।

## आईपीएस उदय किरण कोरबा पहुंच प्रभारी पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाले



-संवाददाता-
**कोरबा 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** तमाम तरह की अटकलों के बीच आइंपीएस यू.उदयकिरण शुक्रवार को कोरबा पहुंचे। उन्होंने जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक बतौर कामकाज संभालते हुए पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।बता दें कि कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह 20 अक्टूबर तक अवकाश पर हैं। उनकी अनुपस्थिति में पुलिस मुख्यालय ने राज्य सरकार के आदेश उपरांत कोरबा एसपी का प्रभार आईपीएस उदय किरण को सौंपा गया है। आईपीएस उदय किरण गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला के पुलिस अधीक्षक हैं और हाल ही में उन्होंने वहां अपना पदभार ग्रहण किया है। उदय किरण के कोरबा में प्रभारी एसपी का पद संभालने के दौरान जिला पुलिस के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उदय किरण इससे पहले भी कोरबा जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

## कलेक्टर ने गौठान में गोबर खरीदी,वर्मी कंपोस्ट निर्माण आदि कार्यों का किया अवलोकन



-संवाददाता-
**कोरबा 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर संजीव झा ने बरसते पानी में कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गोकुल नगर स्थित गौठान का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गौठान में पहुंचकर गोबर खरीदी,वर्मी कंपोस्ट निर्माण एवं महिला समूहों द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों का अवलोकन किया। वही उन्होंने वर्मी कंपोस्ट निर्माण शेड और निर्मित वर्मी कंपोस्ट का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने गौठान में प्रतिदिन आने वाले मवेशियों की संख्या,रोजाना गोबर खरीदी की मात्रा एवं पशुओं की देखभाल से संबंधित जानकारी गौठान प्रभारी से ली। कलेक्टर ने गौठान में महिला समूहों से बात करते हुए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। वही उन्होंने गोकुल नगर गौठान में निरीक्षण के दौरान गौठान में मवेशियों के इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में गौठान के चरवाहा से भी जानकारी ली। कलेक्टर ने गौठान में रोजाना गोबर खरीदी करने और गोबर को खुले में नही रखने के निर्देश गौठान प्रभारी को दिए।

## एस ई सी एल हसदेव क्षेत्र में हुई चोरी के नौ आरोपी गिरफ्तार



-ईश्वु प्रसाद यादव-
**मनेंद्रगढ़ 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** झगराखांड पुलिस अधीक्षक एम.सी.बी. टी.आर.कोसिमा निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया एवं एसडीओपी राकेश कुर्रे के कुशल मार्गदर्शन पर जिले में चोरी लूट डकैती पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके पालन में थाना प्रभारी झगरा खंड दीपेश सैनी के द्वारा पुलिस टीम गठित कर अंतरराज्यीय चोर गिरोह को गिरफ्तार करने हेतु काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था जिस संबंध में दिनांक 13 अगस्त 2022 के दरमियानी रात अंतर राज्य गिरोह द्वारा हल्दीबाड़ी माइंस में रखे लोहे की रोड रोलर की चोरी कर पिकअप क्रमांक सी.जी. 16 ए 0591 में भरकर ले जाया जा रहा था पुलिस टीम को सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर अंतर राज्य चोर गिरोह को पिकअप वाहन तथा चोरी के माल सहित पकड़ा गया बाद प्रार्थी अंगिरा प्रसाद तिवारी सुरक्षा प्रभारी हल्दीबाड़ी माइंस एस.ई.सी.एल के लिखित आवेदन पत्र पर थाना झगराखांड में प. क्रमांक 231/2022 धारा 379 ,401, 34 ता. हि.पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर प्रकरण के आरोपी गण 1,शंकर लाल कुशवाहा पिता सुखराम कुशवाहा उम्र 53 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 के केविन दफाई थाना बिजुरी जिला अनूपपुर म.प्र. 2, संजय विश्वकर्मा पिता छोटू राम विश्वकर्मा उम्र 27 वर्ष रामनगर दफाई थाना रामनगर जिला अनूपपुर म.प्र. 3 सुनील यादव पिता स्वर्गीय बल्लू यादव उम्र 20 वर्ष सा बिजुरी वार्ड नंबर 13 के बिना बिजली जिला अनूपपुर म. प्र.4,सोनू कुमार कोल पिता राजा कुमार कोल उम्र 23 वर्ष सा राम नगर वार्ड नंबर 11 कुड़कू दफाई थाना रामनगर जिला अनूपपुर म. प्र. 5, किसान उर्फ पिता रामस्वरूप उम्र 21 वर्ष राम नगर वार्ड नंबर 11 आरटीओ ऑफिस के पास थाना रामनगर जिला अनूपपुर म.प्र. 6,मोहन पाल पिता स्वर्गीय भूसा आओ उम्र 24 वर्ष रामनगर कुडाकू दफाई वार्ड नंबर 11 थाना रामनगर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश 7,मोती लाल केवट पिता स्वर्गीय प्यारेलाल केवट उम्र 35 वर्ष राम नगर अयोध्या नगर वार्ड नंबर 12 थाना रामनगर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश तथा दो अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है मामले में एसईसीएल के सुरक्षा प्रहरी के पद पर पदस्थ मोती लाल केवट पिता स्वर्गीय प्यारेलाल केवट उम्र 35 वर्ष रामनगर अयोध्या नगर वार्ड नंबर 12 थाना रामनगर जिला अनूपपुर म. प्र.के द्वारा अंतर राज्य गिरोह की चोरी में मदद करना पाया में उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है कुल मसरूका का ₹7लाख 12000 रु.जप्त किया गया तथा अन्य एस.ई.सी. एल. के कर्मचारियों का शामिल होने की बात सामने आई है जिसकी विवेचना की जा रही है उसके बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी
समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दीपेश सैनी, स.उ.नि. कमलेश पांडे चौकी प्रभारी खोंगापानी, स.उप. नि. बलराम चौधरी, प्र. आ. संतोष सिंह चंद्र प्रसाद रत्नाकर अशोक मलिक अजय पोया आ. दीप तिवारी नीरज परिहार कमलेश साहू आनंद कुर्रे ,मुरारी सिंह, समीर राय ,सैनिक भुपेंद्र सिंह आदि की सराहनीय भूमिका रही ।



## स्वास्थ्य मंत्री ने तीन वालंटियर्स का सम्मान कर बढ़ाया जिले का मान

-संवाददाता-
**रामानुजगंज 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** विश्व बालिका दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय दो दिवसीय नोनी जोहार कार्यशाला में जिले से यूनिसेफ का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन चेंजमेकर,वालेंटियर्स सम्मानित किये गये। यूनिसेफ की जिला समन्वय लेखिका साहू ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंह देव ने सभी वालेटियर्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना काल में सर्वाधिक योगदान एवं सहयोग रोको-टोको के स्वयं सेवकों से मिला,इसी तरह टीकाकरण व जनजागरूकता अभियान में भी उन्होंने व्यापक सकारात्मक भूमिका निभाई। जिले के टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले वालेंटियर्स धीरज गुप्ता, अंकिता लकड़ा एवं प्रगति गुप्ता द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गई। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं छत्तीसगढ़ की पहली पर्वतारोही महिला कुमारी नैना धाकड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# युवक अपने एक पैर से चला रहा कार



-उपेश सिन्हा-
**कुसमी 14 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** धरती पर तरह-तरह के लोग रहते है उन्ही में से कुछ तो ऐसे होते है जिनका शरीर भी विकलांग हो जाये तो फिर भी वो अपना हिम्मत नही हारते और अपने सपनो की उड़ान आसानी से पुरा कर लेते है,आज हम ऐसे ही एक युवक की हिम्मत से आप लोगो को रूबरू करा रहे है उसके हौसले को पढ़कर आप भी कहेंगे गजब का हौसला है इस युवक में, आख़िरकार कैसे एक दुर्घटना ने उसे घर पर रुकने के लिये मजबुर कर दिया था ,पैर बचाने के लिये काफी शारीरिक मानसिक कष्ट सहा लेकिन एक पैर नही बचा सका फिर भी युवक हिम्मत नही हारी और आज एक पैरों से आसानी से चला रहा है कार ।दरअसल इस युवक का नाम मो. औरंगजेब शेख पिता ताहिर शेख उम्र करीब 37 जो कि बलरामपुर जिले के छोटे से शहर कुसमी का निवासी है,युवक ने बताया 2005 से ही वो गाड़ियों की लाईन में काम कर रहा है अपने मेहनत से तीन ट्रक तक खरीद ली थी, लेकिन जीवन में एक दिन ऐसा भी आया कि उसके शरीर का एक पैर नही रहा ,वो दिन था 28 नवम्बर 2019 का जब वह अपना ट्रक चलाकर गुमला झारखंड की और गया था लेकिन बदकिस्मती से उस दिन जब वह ट्रक चला रहा था तब अचानक रास्ते मे चलती ट्रक का कोई पाटर्स खराब हो गया और उसका स्टेयरिंग फैल हो गया जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और उससे जबरदस्त चोटे आई,फिर उसके ईलाज की शुरुवात हुई और एक पैर काफी ईलाज करवाने के बाद भी ठीक नही हुआ पुरी तरह खराब हो चुका था फिर डॉक्टरों ने उसका एक पैर काट दिया और वह एक पैर से पुरी तरह विकलांग हो गया ईलाज करवाते करवाते करीब डेढ़ साल बीत गया और उसका तीन ट्रक में से दो ट्रकों को बेचना पड़ गया,जब पैर कट गया तो वह अपने घर पर ही कुछ दिन रहने लगा शरीर की हालत देख काफी दुख युवक और उसके परिवार में छा गया पति पत्नी तीन बच्चे समेत 5 लोगों का परिवार के आगे दुःख का पहाड़ टूट पड़ा घर के मुखिया औरंगजेब के आगे रोज़ी रोटी परिवार पालने को लेकर टेंसन भी था लेकिन उसने अपना हौसला नही हारा और फिर तीन ट्रकों में से बचे एक ट्रक को चालक रखकर चलवाना शुरू कर दिया,और अपने परिवार का पालन पोषण करने लगा,और फिर एक पैरों से अपाहिज होने के बाद भी उसने हिम्मत कर कार का स्टेयरिंग एक दिन पकड़ा और एक पैर से ही कार चलाने का प्रयास करने लगा और आज हिम्मत के बल से बड़ी आसानी से एक पैर के साथ कार चलाने लगा सड़क पर,युवक ने बताया कि दो ट्रकों को बेचने के बाद भी ईलाज में काफी पैसा खर्च हुआ कि हालत काफी खराब हो गई थी फिर परिवार के सदस्यों ने लोगो से चंदा कर उसकी जान बचाई ।

## जॉइंट नाईट पेट्रोलिंग पर निकली जिला व पुलिस प्रशासन की टीम



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 14 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में दिए गए, निर्देशों पर त्वरित अमल करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने नाईट पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। गत दिनों आयोजित कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को समन्वय कर जिलों में विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नाईट पेट्रोलिंग को मजबूत करने यह पहल की गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार रात्रिकालीन गश्त में राजस्व व पुलिस प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल रहेंगे जिससे रात में असामाजिक गतिविधियों पर रोकथाम की जा सके और आमजन रात में भी बिना किसी चिंता के सुरक्षित माहौल में आवागमन कर सकें।


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं
पुराना नाम करमजीत सिंह
पिता/पति हरजीत सिंह
अपना पुराना नाम को बदल कर
नाम करमजीत कौर
पिता/पति हरजीत सिंह
निवासी/पता-वार्ड नंबर-27 भट्ठी रोड अम्बिकापुर, सरगुजा छत्तीसगढ़
रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया
नाम-करमजीत कौर
पिता/पति हरजीत सिंह
से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
नाम-करमजीत सिंह
पता -वार्ड नंबर-27
भट्ठी रोड
अम्बिकापुर, सरगुजा
छत्तीसगढ 497001

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-मो0 सगीर आ0 अब्बास अली जाति कलाल(मुसलमान) निवासी नवागढ़, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 101/6 रकबा 0.024 हे0 का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए शपथ पत्र,खसरा, बी-1, पटवारी नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो ,तो निर्धारित सुनवाई तिथि 27/10/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी(रा)
अम्बिकापुर

**NAME CHANGE**

I UDAY KUMAR S/W, W/O, D/O LAXMI PRASAD Resident of MAIN ROAD GHANGHARI,P-SAKALO,TEH-AMBIKAPUR,DISTT.-SURGUJA (C.G.) hereby declare that have changed my name frome UDAY KUMAR S/W, W/O, D/O LAXMI PRASAD to UDAY KUMAR JAISWAL S/W, W/O, D/O LAXMI PRASAD in all the Government approved identity proofs to be used for various purposes in the future.

Deponent
Name- UDAY KUMAR JAISWAL
Address- MAIN ROAD GHANGHARI,P-SAKALO,TEH- AMBIKAPUR,DISTT.-SURGUJA (C.G.)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी,उप वनमण्डल उदयपुर(छ0ग0)**

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उदयपुर उपवनमण्डल के वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत दिनांक 12.10.2020 को गश्ती के दौरान वन परिक्षेत्र उदयपुर के वन कर्मचारियों द्वारा वाहन मोटर सायकल बजाज प्लेटिना (MD2A18AZIEHC135371)को उसमें लोड अवैध वनोपज साल चिरान 06 नग=0.089 घ.मी. सहित पकड़ा गया। उक्त वाहन की जप्ती परिसर रक्षक मानपुर द्वारा मौका स्थल महेशपुर पुलिया पर की गई। अवैध वनोपज के अवैध रूप से परिवहन में लिप्त पाए जाने के कारण भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52(1),धारा 33 (1), धारा 41 छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार (विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5(1) (ग) के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 10911/17 दिनांक 12.10.2020 पंजीबद्ध कर जप्ती की गई।
प्रकरण अंतर्गत वाहन स्वामी का नाम पता प्राप्ति हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सरगुजा अम्बिकापुर (छ0ग0) को लेख किय गया। जिसके तारतम्य में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सरगुजा अम्बिकापुर द्वारा उक्त वाहन कार्यालयीन अभिलेखानुसार साफ्टवेयर में पंजीकृत नहीं होना बताया गया।
जप्ती की कार्यवाही एवं प्रकरण जांच उपरान्त वन परिक्षेत्राधिकारी उदयपुर द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी उदयपुर के कार्यालय में राजसात की कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा सहित प्रस्तुत किया गया।
अतः इस सूचना के माध्यम से अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त जप्त वाहन में वाहन स्वामी या जिस किसी का भी हित निहित हो, अपने स्वामित्व संबंधी समस्त वैधानिक दस्तावेजों सहित दिनांक 26.10.2022 तक या इसके पूर्व किसी भी कार्यालयीन दिवस को अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं उपरोक्त जप्त वाहन शासन के पक्ष में राजसात कर दी जावेगी।

जी. नंबर-94984/1

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वनमण्डलाधिकारी
उप वनमण्डल उदयपुर(छ0ग0)


CMYK

# टी-20 विश्व कप की टीमें और कार्यक्रम



मेलबर्न,14 अक्टूबर 2022। ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के मुकाबले कुल 7 मैदानों में खेले जाएंगे। एडिलेड के एडिलेड ओवल, ब्रिसबेन के द गाबा, गीलोंग के कार्डिनिया पार्क, होबार्ट के बेलेरिव ओवल, पर्थ के द पर्थ स्टेडियम, मेलबर्न के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड और सिडनी के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे।

टी20 विश्व कप 2022 की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया में 16 नवंबर से हो रही है। इस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के लिए लगभग सभी टीमों ने अपनी तैयारियां पुख्ता कर ली है। 2020 में आईसीसी टी20 विश्व कप टूर्नामेंट नहीं हो सका था। उसके बदले 2021 में से खेला गया था। उस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने इस का खिताब जीता था। इस पर खुद ऑस्ट्रेलिया इस विश्व कप की मेजबानी कर रहा है।

### सात मैदानों पर खेला जाएगा मैच

ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के मुकाबले कुल 7 मैदानों में खेले जाएंगे। एडिलेड के एडिलेड ओवल, ब्रिसबेन के द गाबा, गीलोंग के कार्डिनिया पार्क, होबार्ट के बेलेरिव ओवल, पर्थ के द पर्थ स्टेडियम, मेलबर्न के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड और सिडनी के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। सभी मुकाबले ऑस्ट्रेलिया में ही खेले जाएंगे। पर्थ, मेलबर्न, सिडनी और ब्रिसबेन में होने वाले मुकाबले पर सबकी निगाहें होंगी।

### कब से शुरू होंगे मुकाबले

16 अक्टूबर से टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले शुरू होंगे। पहला मुकाबला श्रीलंका बनाम नामीबिया खेला जाएगा। 21 अक्टूबर तक क्वालीफायर मुकाबले खेले जाएंगे। सुपर 12 के मुकाबले 22 अक्टूबर से शुरू होंगे। सुपर 12 का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड खेला जाएगा। भारत अपना पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगा। सुपर 12 के मुकाबले 6 नवंबर 2022 तक खेले जाएंगे। 9 नवंबर को पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, 10 नवंबर को दूसरा मुकाबला होगा। टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला 13 नवंबर को खेला जाएगा।

### मुकाबलों को कहां देख सकते हैं

भारत के लिहाज से बात करें तो टी-20 विश्वकप के सभी मुकाबले टीवी पर देखने के लिए आपको स्टार स्पोर्ट्स के चैनल पर जाना होगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डिजनी हॉटस्टार पर मुकाबले देख सकते हैं। इसके अलावा मैचों का आकाशवाणी प्रसारण भी प्रसार भारती की ओर से किया जाएगा।

### कौन-कौन सी टीमें ले रही है भाग

ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुकी थी। सुपर 12 में शामिल करने के लिए आठ अन्य टीमों के लिए क्वालीफायर मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें ग्रुप ए में नामीबिया, श्रीलंका, यूएई और आयरलैंड को रखा गया है। वही ग्रूप बी में स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज, जिंबाब्वे और नीदरलैंड शामिल है।

### कैसा होगा सुपर 12

सुपर 12 को दो भागों में बांटा गया है। ग्रुप एक में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ग्रूप ए विनर और ग्रूप बी रनर अप को रखा गया है। वही ग्रूप 2 की बात करें तो बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, ग्रूप ए रनर अप और ग्रूप बी विनर शामिल है। ग्रूप में शामिल सभी टीमों को एक दूसरे से मुकाबला खेलना होगा। दोनों ग्रूप के दो-दो टॉप टीमें सेमीफाइनल में जाएंगे। दोनों सेमीफाइनल के विजेता के बीच फाइनल मुकाबला 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## टी-20 विश्व कप में चोटिल बुमराह की जगह लेंगे मोहम्मद शमी


### बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से किया ऐलान



**नई दिल्ली ,14 अक्टूबर 2022।** टी20 विश्व कप को लेकर टीम इंडिया लगातार अपनी तैयारी कर रही है। टीम इंडिया को अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलना है। इन सबके बीच भारत को सबसे बड़ा झटका लगा था जसप्रीत बुमराह चोट की वजह से टी 20 विश्व कप से बाहर हो गए थे। अब टी20 विश्वकप में जसप्रीत बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को रखा गया है। इसको लेकर बीसीसीआई की ओर से आधिकारिक ऐलान भी कर दिया गया है। जय शाह की ओर से जारी एक बयान में लिखा गया है कि अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने मोहम्मद शमी को भारत के आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप टीम में जसप्रीत बुमराह के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया है। इसके आगे बताया गया है कि शमी ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए हैं और अभ्यास मैचों से पहले ब्रिस्बेन में टीम के साथ जुड़ेंगे। इसके साथ ही कहा गया है कि मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को बैकअप के रूप में नामित किया गया है और वे शीघ्र ही ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे। इसके अलावा दीपक चहर भी टी20 विश्वकप के लिए स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ जुड़ने वाले थे। हालांकि चोट की वजह से वह बाहर हो चुके हैं। इसकी वजह से मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को स्टैंडबाई के रूप में रखा गया है। जसप्रीत बुमराह की जगह किसी को नामित करने के लिए भारत के पास 15 अक्टूबर तक का आखिरी समय था। भारत इस बात का इंतजार कर रहा था कि जसप्रीत बुमराह का आखिरी मेडिकल रिपोर्ट क्या आता है।

आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम~ रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी।

## डेविड वार्नर चोटिल, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टी 20 खेलने की संभावना नहीं : रिपोर्ट



**कैनबरा ,14 अक्टूबर 2022।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर शुक्रवार को यहां मनुका ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले चोटिल हो गए हैं, जिसके बाद स्टीव स्मिथ के शीर्ष क्रम में उनकी जगह लेने की संभावना है। वार्नर ने दो टी20 में ओपनिंग के लिए 73 और 4 रनों का योगदान दिया था। श्रृंखला में अजेय बढ़त लेने के लिए जोस बटलर की टीम ने दोनों मैच जीते, जो कि आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण था। हालांकि, बाद में आरोन फिंच की ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन मैचों की सीरीज हार गई।

'द आस्ट्रेलियन' के लेखक पीटर लालोर ने शुक्रवार को एसईएन 1170 आफ्टरनून को बताया कि 35 वर्षीय वॉर्नर को चोट का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद, आस्ट्रेलिया अगले शनिवार को एससीजी में न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अपने अभ्यास मैच में सोमवार को ब्रिस्बेन में भारत से भिड़ेगा।

## क्रिकेट प्रेमियों को बड़ा झटका,2027 तक पाक के साथ कोई सीरीज नहीं खेलेगा भारत

**नई दिल्ली ,14 अक्टूबर 2022।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट सीरिज का इंतजार कर रहे फैन्स को बड़ा झटका देने वाली खबर आ रही है। पिछले 10 सालों से दोनों टीमों के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है। अब अगले 5 सालों तक भी भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी सीरीज होना मुमकिन नहीं है।

जानकारी के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 2023 से 2027 तक के लिए अपना प्रोग्राम जारी कर दिया है। आने वाले 5 वर्षों में भी भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगी।

बीसीसीआई ने राज्यों के क्रिकेट बोर्ड को भविष्य का जो प्रोग्राम बताया है, उसमें पाकिस्तान का कॉलम खाली रखा गया है। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। अगले साल ही पाकिस्तान विश्व कप खेलने के लिए भारत आएगा। इसके बाद 2025 में भारत को भी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान जाना होगा।

भारतीय टीम आईसीसी या एसीसी टूर्नामेंट खेलने के अलावा 38 टेस्ट खेलेगी। इसमें 20 टेस्ट भारत में और 18 विदेश में खेले जाएंगे। इन पांच सालों में भारत 42 वनडे मैच भी खेलेगा। इसमें से 21 मैच घर में और 21 मैच बाहर खेले जाएंगे। 2023-2027 के बीच भारत कुल 61 टी20 मैच खेलेगा। 31 टी20 घर में और 30 बाहर खेले जाएंगे। बता दें कि भारत सरकार से अनुमति के बिना बीसीसीआई पाकिस्तान के साथ सीरीज पर कोई भी फैसला नहीं ले सकता है।

## निलामी को तैयार माराडोना की 'हैंड ऑफ गॉड' वाली गेंद



**ब्रिसबेन,14 अक्टूबर 2022।** विश्व कप का एक पूर्व रेफरी फुटबॉल जगत की अपनी सबसे बड़ी गलती को भुनाने जा रहा है जिससे कि वह मालामाल बन सकता है। डियागो माराडोना ने 1986 के विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ जिस गेंद से मशहूर 'हैंड ऑफ गॉड' गोल किया था उसे ट्यूनीशिया के रेफरी ने नीलामी के लिए रखा है। यह रेफरी उस मैच का संचालन कर रहा था और वह माराडोना को हाथ से गोल करते हुए देखने से चूक गया था।

इस 36 साल पुरानी गेंद के मालिक पूर्व रेफरी अली बिन नासिर हैं जिसकी वह अब नीलामी करने जा रहे हैं। नीलामीकर्ता ग्राहम बड ऑक्शन ने गुरुवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि इस ऐतिहासिक गेंद की नीलामी से 27 लाख डॉलर से लेकर 33 लाख डॉलर तक मिल सकते हैं। इस गेंद की नीलामी कतर में होने वाले विश्व कप से चार दिन पहले 16 नवंबर को ब्रिटेन में की जाएगी। उस मैच से जुड़े माराडोना के अन्य सामान की भी पूर्व में नीलामी की गई थी जिससे मोटी कमाई हुई थी।

माराडोना ने उस मैच में जो शर्ट पहनी थी उसकी नीलामी मई में की गई थी। वह शर्ट 93 लाख डॉलर में बिकी थी। माराडोना उस मैच में हेडर से गोल करने के लिए उछले लेकिन उन्होंने सिर के बजाय हाथ से गोल कर दिया। रेफरी बिन नासिर ने उसे गोल दे दिया। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने उसका विरोध किया लेकिन रेफरी अपने फैसले से टस से मस नहीं हुए।

माराडोना ने बाद में इसे 'हैंड ऑफ गॉड' यानि ईश्वर का हाथ नाम दिया था। तब से यह गेंद रेफरी बिन नासिर के पास सुरक्षित है। अर्जेंटीना ने यह मैच 2-1 से जीता और बाद में विश्वकप भी अपने नाम किया। इसी टूर्नामेंट से माराडोना को विश्व के महानतम खिलाड़ियों में आंका गया। माराडोना का 2020 में 60 साल की उम्र में निधन हो गया था। बिन नासिर ने बयान में कहा,'' यह गेंद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास का हिस्सा है। मुझे लगता है कि विश्व के साथ इसे साझा करने का यह सही समय है।' ' बिन नासिर उस शर्ट की भी नीलामी करेंगे जो उन्होंने उस क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान पहनी थी। इन वस्तुओं की नीलामी से बिन नासिर का मालामाल बनना तय है।





## दृश्यम 2 से तब्बू और अक्षय खन्ना का लुक हुआ जारी

2015 की दृश्यम की सफलता के बाद अब प्रशंसकों को दृश्यम 2 का इंतजार है। कुछ दिन पहले फिल्म का रिकॉल टीजर रिलीज किया गया था। फिल्म के सीक्वल को लेकर लोग खासा उत्साहित हैं और इसकी डीटेल्स जानने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाते हुए निर्माताओं ने फिल्म से तब्बू और अक्षय खन्ना का पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में दोनों ही कलाकारों का इंटेंस लुक देखने को मिल रहा है।

निर्माताओं ने फिल्म से तब्बू का लुक जारी किया है। इस पोस्टर में तब्बू कैमरे पर गंभीरता से देख रही हैं, जबकि उनके दोनों तरफ दो पुलिस वाले खड़े हैं। तब्बू के पोस्टर के साथ वायाकॉम 18 ने कैप्शन में लिखा, मैं एक मां हूं, सात क्या सात सौ साल भी बीत जाएं तब भी मैं कुछ भूलने वाली नहीं। दृश्यम में तब्बू एक पुलिस अफसर की भूमिका में थीं जिसके बेटे का कत्ल हो जाता है। तब्बू के बाद वायाकॉम 18 ने अक्षय खन्ना का का भी पोस्टर जारी किया। अक्षय दृश्यम की स्टारकास्ट में नया चेहरा हैं। इस पोस्टर में अक्षय शतरंज की बिसात के साथ दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा गया है, दुश्मन को हराने का मौका अकसर दुश्मन आपको खुद देता है। पोस्टर देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि अक्षय का किरदार फिल्म में मर्डर मिस्ट्री सुलझाने में अहम भूमिका निभाएगा।

दृश्यम एक सीधे-सादे परिवार की कहानी थी जिसमें विजय सलगांवकर (अजय देवगन) की बेटी के हाथों एक कत्ल हो जाता है। अपने परिवार को इस इल्जाम से बचाने के लिए विजय तरह-तरह के तिकड़म लगाता है। दृश्यम में अजय देवगन के साथ तब्बू, श्रिया शरन, इशिता दत्ता और रजत कपूर नजर आए थे।

दृश्यम का निर्देशन निशिकांत कामत ने किया था। अगस्त, 2020 में 50 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। वह लंबे समय से लिवर सिरोसिस नामक बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने फोर्स, मदारी और रॉकी हैंडसम जैसी कई बेहतरीन फिल्में दी हैं।

दृश्यम 2013 में रिलीज हुई मलयालम फिल्म की हिंदी रीमेक थी। मलयालम में इस फिल्म का सीक्वल रिलीज हो चुका है। दृश्यम 2 की कहानी दृश्यम की कहानी से छह साल आगे है। दृश्यम 2 में विजय का परिवार एक बेहतर जीवन व्यतीत करता है। अजय इसमें एक खुशहाल बिजनेसमैन के किरदार में दिखेंगे। कहानी में मोड़ तब आता है, जब पुराने केस में यह परिवार फंस जाता है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है।

दृश्यम 2 के साथ नवंबर में कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। इस फिल्म की टक्कर अनुभव सिन्हा की भीड़ से होगी। राजकुमार राव के अभिनय से सजी भीड़ 18 नवंबर को ही रिलीज होगी। वरुण धवन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भेड़िया 25 नवंबर को बड़े पर्दे पर आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। फिल्म में वरुण के साथ कृति सैनन नजर आएंगी।

## पंजाबी अभिनेत्री और मॉडल हैं ईशा रिखी,जिन पर आया बादशाह का दिल?



पंजाब के मशहूर गायक और रैपर बादशाह अपनी प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। खबरों की मानें तो 36 वर्षीय बादशाह की जिंदगी में प्यार की एंट्री हो गई है। चर्चा चल रही है कि वह पंजाबी अभिनेत्री ईशा रिखी को डेट कर रहे हैं। इन दोनों के बीच करीब एक साल से प्यार की खिचड़ी पक रही है। आइए जानते हैं कि कौन हैं ईशा जिन पर गायक बादशाह का दिल आ गया है।

ईशा का जन्म 9 सितंबर, 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम पूनम रिखी और प्रदीप कुमार रिखी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईशा जब 12वीं क्लास में थीं, तभी से उन्होंने मॉडलिंग शुरू कर दी थी। उन्होंने इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में भी काम किया है। खबरों के अनुसार, इस अभिनेत्री ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ कल्याण ज्वैलर्स के लिए विज्ञापन में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। 29 वर्षीया ईशा पंजाबी अभिनेत्री और मॉडल हैं। वह कई पंजाबी फिल्मों में अपने अभिनय से लोगों का दिल जीत चुकी हैं। उन्होंने 2013 में फिल्म जट्ट बॉयज~ पुट्ट जतन दे से बड़े पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद वह मेरे यार कमीने और वाट द जाट में नजर आई थीं। वह गिप्पी ग्रेवाल और एमी विर्क के साथ फिल्म अरदास में भी नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने एक चुलबुली लड़की का किरदार निभाया था।

ईशा ने नवाबजादे के साथ हिंदी फिल्मों में अपनी शुरुआत की थी। यह फिल्म 2018 में दर्शकों के बीच आई थी। ये अलग बात है कि इस फिल्म के जरिए वह अपनी छाप छोड़ने में नाकामयाब रहीं। फिल्म में वरुण धवन और श्रद्धा कपूर स्पेशल अपीयरेंस में नजर आए थे। ईशा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय दिखती हैं। इंस्टाग्राम पर वह अपने फैंस से रूबरू होती रहती हैं।

बादशाह का अपनी पूर्व पत्नी जैसमीन से तलाक हुए करीब दो साल हो गए हैं। बादशाह और उनकी पूर्व पत्नी जैसमीन की एक बेटी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, तलाक के बाद जैसमीन अपनी बेटी को लेकर लंदन में शिफ्ट हो गई हैं।

अभी बादशाह और ईशा ने खुलेआम अपने प्यार का इजहार नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईशा और बादशाह दोनों इस बारे में अपने परिवार वालों को बता चुके हैं। दोनों जब एक-दूसरे से मिले तो फिल्मों और गानों में दोनों की समान रुचि थी, जिसके बाद वे एक-दूसरे को डेट करने लगे। फैंस को जरूर इंतजार रहेगा कि यह कपल अपने रिलेशनशिप को लेकर खुलकर सामने आए।













## संक्षिप्त समाचार



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मिसाइल-मैन डॉ. कलाम की जयंती पर किया याद

रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने डॉ.कलाम को याद करते हुए कहा कि डॉ. कलाम ने भारत को अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां दी। उनका पूरा जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। मिसाइल-मैन के नाम से जाने जाने वाले डॉ. कलाम के नेतृत्व ने भारत का नाम अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के क्षेत्र में बुलंदियों पर पहुंचा दिया। बघेल ने कहा है कि डॉ. कलाम ने युवाओं को हमेशा सपनों को अपना दृढ़ संकल्प बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कलाम का देश प्रेम और विचार मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ में महसूस किए गए भूकंप के झटके, इतनी रही तीव्रता, दहशत में आए लोग





रायपुर/सरगुजा, 14 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. आपको बता दें नेशनल सेंटर फाफर सिस्मोलॉजी के अनुसार सुबह 5ः28 को आए इस भूकंप में झटकों की तीव्रता 4.8 थी. जहां भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी अंदर बताया जा रहा है. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, इसका केंद्र अंबिकापुर से 65 किमी दूर जमीन से 10 किमी अंदर बताया जा रहा है. आपको बता दें छत्तीसगढ़ में जहां भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं उनमें बैंकुंठपुर, कोरिया, राक्य और दुधनिया कलाम के पास की जगहें शामिल हैं. सुबह 5.28 मिनट पर भूकंप के झटकों का अहसास हुआ. जहां भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई. आपको बता दें येलो जोन में कोरिया जिला शामिल है.

### राज्य सरकार ने कर्मचारियों को दिया तोहफा,महंगाई भत्ते में हुई बढ़ोतरी



रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों को दिवाली के पहले तोहफा दिया है। महंगाई भत्ते में 5% की वृद्धि की गई है। अब से प्रदेश के कर्मचारियों को 33% महंगाई भत्ता दिया जायेगा। महंगाई भत्ता देने लिए वित्त विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है । जानकारी के अनुसार यह आदेश यूजीसी, एआईसीटी कार्यभारित और आकास्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

### लोक निर्माण विभाग के कई अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर




रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ सरकार ने लोक निर्माण विभाग के कई अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रभारी, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता समेत कई अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। राजनांदगांव संभाग में कार्यपालन अभियंता की जिम्मेदारी संभाल रहे डीके नेताम को रायपुर में मंडल क्रमांक 1 का प्रभारी अधीक्षण अभियंता नियुक्त किया गया है।

# सीएम,सूर्यकान्त तिवारी और अधिकारी सौम्या चौरसिया के खिलाफ बयान देने बनाया गया दबाव : प्रीति विश्नोई

रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। प्रदेश में चल रहे पिछले चार दिनों के ईडी छापेमार करवाई के बाद आईएएस समीर विश्नोई सहित 3 लोगों को कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद आईएएस समीर विश्नोई की पत्नी ने सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात की और उन्हें अपनी पूरी व्यथा सुनाई जिसके बाद डीजीपी को पत्र लिखकर अपनी और परिवार की सुरक्षा की बात कही साथ ही इस पूरे प्रकरण की जाँच की भी मांग की।



आईएएस विश्नोई की पत्नी प्रीति विश्नोई ने अपने पत्र में पूरी कार्रवाई को अवैधानिक बताते हुए ईडी की ही कार्यप्रणली पर सवाल उठाए हैं और कहा कि यह कार्रवाई डरा धमकाकर की गयी है। प्रीति विश्नोई ने पत्र में पूरे घटनाक्रम को बताते हुए कहा कि हमें बगैर बताये ईडी के लोग घर में घुसे थे। हमें मजबूर किया गया की हम मुख्यमंत्री, नेता सूर्यकान्त तिवारी, और सौम्या चौरसिया के खिलाफ लिखे बयान वाले दस्तावेज़ में हस्ताक्षर करें।

आगे उन्होंने अपने पत्र में पति समीर विश्नोई के बीमारी होने की बात की। उन्होंने लिखा है कि ईडी की टींम उनके पति की सेहत को भी नजरअंदाज कर रही है। मेरे पति को दवाई भी नहीं लेने दिया गया। अतः हम इस पूरी कार्यवाही से डरे हुए है।

गौरतलब है की पिछले 4 दिनों से प्रदेश के लगभग 19 कद्दावर कारोबारी और अधिकारियों के लगभग 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई चल रही थी। जिसमे आईएएस समीर विश्नोई के घर से चार किलो सोना , बीस कैरेट हीरा और दो जगह से लगभग 47 लाख कैश ईडी द्वारा बरामद किया गया था।

जिसके बाद अधिकारी और उसके पूरे परिवार से पूछताछ की गयी थी। पूछताछ के बाद आईएएस समीर विश्नोई सहित 3 लोगों को कोर्ट में पेश किया गया। बता दे की आईएएस विश्नोई का केस विशेष विमान से आये नीरव मोदी का केस लड़ रहे वकील विजय अग्रवाल ने जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया।

लगभग 4 घंटे से ज्यादा समय तक चली जिरह के बाद तीनों को ईडी द्वारा रिमांड पर ले लिया गया है। बताया जा रहा है की प्रदेश में ईडी की कर्यवाही जारी हैं। जिसमें रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू आईएएस ज.पी. मौर्या सहित कई नाम शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को सरकार ने दिया दीपावली का तोहफा

रायपुर , 14 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के लिए राज्य सरकार ने दीपावली के पहले पांच प्रतिशत डीए (महंगाई भत्ता) की बढ़ोत्तरी कर तोहफा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर वित्त विभाग ने शुक्रवार को डीए में बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया है। डीए की बढ़ी हुए दर चालू अक्टूबर माह से ही प्रभावी होगा। बढ़े हुए महंगाई दर की राशि का एक अक्टूबर 2022 से नगद भुगतान किया जाएगा। डीए में पांच प्रतिशत की वृद्धि के बाद प्रदेश में सातवें वेतनमान से वेतन पाने वालों को 33 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ते में वृद्धि का यह आदेश यूजीसी, एआईसीटीई और आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए भी लागू होगा।




राज्य शासन ने छटवें वेतनमान से वेतन पाने वालों की महंगाई भत्ते में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब उन्हें 189 प्रतिशत महंगाई भत्ते की जगह 201 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

वित्त विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को महंगाई भत्ते में वृद्धि के संबंध में परिपत्र जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को अगस्त-2022 से 28 प्रतिशत की दर से डीए का भुगतान किया जा रहा था। वहीं छठवें वेतनमान वालों को 189 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा था।

## 852 अतिरिक्त कोच से 45 हजार से अधिक यात्रियो को कन्फर्म बर्थ की सुविधा



बिलासपुर, 14 अक्टूबर 2022। यात्री सुविधाएं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है । यात्रियों को सुरक्षा, संरक्षा एवं सुविधा के साथ आनंददायक यात्रा का अनुभव प्रदान करना भारतीय रेलवे का मुख्य लक्ष्य है। इसी क्रम में त्यौहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए तथा यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से विभिन्न ट्रेनों में अतिरिक्त कोच का प्रावधान किया गया है। ज्ञात हो कि त्योहारों के समय में यात्रियों की संख्या बढ़ने और वेटिंग लिस्ट लंबी होने के फलस्वरूप कंफर्म बर्थ की संभावनाएं कम हो जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों को अधिकाधिक कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 सितम्बर से अभी तक विभिन्न ट्रेनों में 852 कोच लगाये गए है। इस अतिरिक्त कोच से लगभग 45 हजार से अधिक यात्री इसका लाभ ले चुके हैं। इससे न केवल यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल रहा है।

बल्कि वे सुविधाजनक यात्रा का लाभ ले रहे हैं। आरामदायक यात्रा अनुभव का लाभ लेते हुए यात्री सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं तथा परिजनों के साथ त्योहारों का आनंद ले रहे हैं। इन अतिरिक्त कोचों को क्रिस के सिस्टम में भी अपडेट कर दिया गया गया है, ताकि यात्रियों को आरक्षण कराने में कोई दिक्कत न हो। इसके साथ ही दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में दो-दो वातानुकूलित शयनयान तीसरी श्रेणी की कोच तथा दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस , अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक- एक वातानुकूलित शयनयान तीसरी श्रेणी के कोच स्थाई रूप से लगाए जायेंगे इससे इस रूट पर तथा इस रूट के गंतव्य पर जाने वाले यात्रियों को यह सुविधा स्थाई रूप से मिलेगी । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं को लेकर प्रतिबद्ध है और हमेशा से इस सुविधाओं के विकास की दिशा में प्रयत्नशील रहा है।

## फैमिली कोर्ट में जज के खिलाफ प्रदर्शन, वकील को खींचकर सिपाही ने बाहर निकाला

बिलासपुर, 14 अक्टूबर 2022। जिला न्यायालय परिसर स्थित फैमिली कोर्ट में आज उस वक्त हंगामा हो गया, जब जज ने एक वकील को सिपाही से कहकर कोर्ट से बाहर कर दिया। नाराज वकील जज से माफी मांगने की मांग पर अड़े रहे। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर परिवार न्यायालय में जज रमाशंकर प्रसाद भरण पोषण के एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। महिला के वकील की तरफ से कहा गया कि उसे कोर्ट के पिछले आदेश के मुताबिक भरण पोषण की राशि नहीं मिल रही है। पति की ओर से वकील दाऊ चंद्रवंशी ने 6 लाख लेकर समझौता करने का प्रस्ताव रखा। इस पर महिला का पक्ष राजी नहीं था। उसका कहना था कि इतनी राशि तो पहले से ही बाकी है।




दोनों पक्षों में समझौता नहीं हो रहा था। इस पर न्यायाधीश ने किसी अन्य अदालत में केस को ट्रांसफर करने की चेतावनी दी। पर वकील चंद्रवंशी ने इसी कोर्ट में मामला जारी रखने का निवेदन किया। इससे बात कुछ इस तरह से बढ़ गई कि जज नाराज हो गए। उन्होंने कोर्ट में तैनात सिपाही से कहकर अधिवक्ता को अपनी अदालत से बाहर निकलवा दिया। सिपाही ने वकील का हाथ पकड़ा और खींच कर दरवाजे के बाहर कर दिया।

जैसे ही यह बात कोर्ट परिसर के दूसरे वकीलों तक पहुंची, वे कोर्ट के सामने पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। वे जज से माफी मांगने की मांग करने लगे। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर बाजपेयी ने कहा कि पहले भी जज के खिलाफ वकीलों से दुर्व्यवहार की शिकायत मिलती रही है। यह एक गंभीर मामला है। जज के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी। मामले में अभी तक कोई सुलह नहीं हुई है।

## करवाचौथ के दिन पति ने की पत्नी की हत्या



दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर 2022। करवा चौथ पति और पत्नी की प्रेम का प्रतीक होता है, इस दिन पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है लेकिन दंतेवाड़ा में करवाचौथ के दिन एक पति ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मांझीपदर इलाके का ये पूरा मामला है। बताया जाता है कि मृतका पत्नी मंजू लेकामी अपने घर गयी हुई थी। पति के बुलाने पर भी वह अपने पति के घर नहीं आ रही थी। इस बात से नाराज आरोपी पति मनीराम भास्कर अपने ससुराल पहुंचा और धारदार हथियार से वारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने देर रात दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

वहीं एक अन्य घटना में दंतेवाडा के सूरनार में हुए सड़क हादसे में एक की मौत हो गयी तो वहीं चार ग्रामीण घायल हो गये। घायल ग्रामीणों को उपचार के लिये जिला अस्प?ताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि सूरनार के ग्रामीण गांव की समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करने दंतेवाडा आये थे। गुरूवार की शाम के वक्त वे जब बोलेरो वाहन से वापस लौट रहे थे, तभी सूरनार गांव के पास गाडी अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में मौके पर ही पोदिया मंडावी की मौत हो गयी। जबकि वाहन में सवार चार लोगों को चोटें आई हैं, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## आईएएस जयप्रकाश मौर्य;मुझे और मेरी पत्नी को बदनाम करने की हो रही कोशिश



रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ में जब से ईडी की छापेमारी हुई है तब से मीडिया में तमाम तरह की खबरें प्रसारित हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में अफवाहों का बाजार गर्म है। तमाम तरह की अफवाहों के बीच आईएएस जयप्रकाश मौर्य का मैसेज वायरल हो रहा है। निदेशक खनन ने इस मैसेज में ईडी जांच के संबंध में आईएएस मौर्य ने कुछ वेब पोर्टल में गलत एवं भ्रामक खबर प्रचारित व प्रसारित करने की बात कही है।

**क्या लिखा है मैसेज में**

÷प्रिय मित्रों, कुछ न्यूज पोर्टल गलत नीयत से मुझे और मेरी पत्नी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वे फर्जी और शरारती खबरें फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि कृपया केवल तथ्यात्मक समाचार प्रसारित करें। मैं अपने सरकारी आवास पर शांतिपूर्वक रह रहा हूं। कल मैं ऑफिस ज्वाइन कर रहा हूं। कृपया फेक न्यूज पर ध्यान न दें। कृपया इस खबर को प्रसारित करें।÷

बता दें कि खनिज विभाग में ईडी की रेड के बाद कई प्रकार की फर्जी, भ्रामक एवं तथ्यविहीन खबरें कुछ वेब पोर्टल में अफसरों को लेकर प्रकाशित की जा रही है जो की तथ्यहीन हैं। ऐसे फर्जी न्यूज केवल बदनाम करने के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है इसलिए ऐसे खबरों पर ध्यान ना देने की बात आईएएस ने कही है।

## रायपुर के बूढ़ा तालाब में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। राजधानी के पुरानी बस्ती थाना इलाके में आज एक लाश मिली। मामले में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे बूढ़ातालाब में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरती मिली है। जिसकी शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। मामले में पुलिस ने बताया कि एक रात पहले उसी व्यक्ति को कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग ने देखा था। और अज्ञात व्यक्ति को पेट्रोलिंग स्टाफ ने चबूतरे में सोने को कहा था।



और आज दोपहर उसकी लाश तालाब में तैरती मिली। प्रथम दृष्ट्या पुलिस ने लाश को देखकर डूबने से मौत हुई है। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



## ईडी ने अब तक 6.5 करोड़ कैश किया जब्त

रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। ईडी ने रायपुर की कार्रवाई में कुल 6.5 करोड़ रुपए सीज किया है। ईडी ने इस संबंध में एक बयान जारी किया है। ईडी ने तलाशी अभियान चलाया और बेहिसाब नकदी, सोना और सराफा आदि के रूप में लगभग 6.5 करोड़ रुपये जब्त किए। विशेष अदालत, पीएमएलए, रायपुर ने ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए 3 व्यक्तियों (1 आईएएस अधिकारी सहित) को 21.10 तक 8 दिनों के लिए हिरासत में लिया है। .2022 पीएमएलए के तहत कोयला घोटाला मामले में।



## गार्डन में जुआ खेलते 8 जुआरी गिरफ्तार, 3 लाख 40 हजार नकदी जब्त

रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। शासन के आदेशानुसार रायपुर जिले में जुआ, सट्टा एवं ऑनलाइन सट्टा पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा थाना क्षेत्रों में मुखबीर लगाने के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर जुआ एवं सट्टा खेलने/खिलाने वालों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।



इसी क्रम में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत शैलेन्द्र नगर स्थित गार्डन में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहें है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध श्री अभिषेक माहेश्वरी द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी कोतवाली को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान में जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर ताशपत्ती से जुआ खेलते कुल 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों के कब्जे से नगदी 3,40,000/- रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 319/22 धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## रायपुर में लूटपाट करने वाला आरोपी राकेश वर्मा गिरफ्तार

रायपुर, 14 अक्टूबर 2022। प्रार्थी प्रहलाद वर्मा ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बोलेरो पिकअप वाहन को लेकर रावांभाठा बंजारी मंदिर के पीछे शुबल किसान कंपनी माल लोड करने गया था तथा माल लोड करने के बाद पिकअप वाहन को खडी करने जागृति नगर उरकुरा जा रहा था कि प्रार्थी शीतला तालाब सांई मंदिर पास पहुंचा था कि उरकुरा के राकेश वर्मा ऊर्फ बिल्लू व दीपक वर्मा ऊर्फ दादू ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर डरा धमका कर मारपीट कर उसके पास रखें नगदी रकम 3200/-रूपये, 01 नग वीवो वी-23 प्रो मोबाईल तथा हाथ में पहने चांदी का ब्रेसलेट को लूट कर फरार हो गये। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 850/22 धारा 394 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



लूट की घटना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी खमतराई को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों आरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर अंततः घटना में संलिप्त आरोपी राकेश वर्मा उर्फ बिल्लू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की 01 नग विवों कम्पनी का मोबाईल फोन कीमती 30,500/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। प्रकरण में संलिप्त आरोपी दीपक वर्मा उर्फ दादू फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हरसंभव प्रयास किये जा रहें है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)